● जयपुर, सोमवार 6 जनवरी 25 ● वर्ष 14 ● अंक 139 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 पाक जायरीन उर्स में शरीक होकर पाकिस्तान सरकार की ओर से पेश करेंगे चादर...

पेज @4 जमानत पर चल रहे ट्रेनी एसआई के निलंबन पर बोले : हम एकराय है...

पेज @8 कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट...

संक्षिप्त खबरें

किश्तवाड़ : खाई में गिरा वाहन, चार की मौत व दो लोग लापता

जम्मू। किश्तवाड़ जिले के पाडर के मस्सु क्षेत्र में रविवार सुबह एक टिप्पर वाहन गहरी खाई में गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई है। इस वाहन में सवार दो लोग अभी लापता हैं। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और लापता दोनों लोगों को पास में बह रह रही नदी में खोजा जा रहा है। केन्द्रीय राज्यमंत्री जितेन्द्र सिंह ने इस दुर्घटना पर दुख जताया और क्षेत्र के डिप्टी कमिश्नर से दुर्घटना की जानकारी ली है। बताया जा रहा है कि एक टिप्पर वाहन से छह लोग एक कंपनी के प्रोजैक्ट साइट पोद्दार से मस्सु की ओर जा रहे थे। मस्सु क्षेत्र में वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिर गया।खाई में गिरने से वाहन के परखचे उड़ गए। इस हादसे में वाहन सवार चार लोगों की मौत हो गई। हादसे की जानकारी पाकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और चार लोगों के शवों को निकाला। इस दुर्घटना में दो लोग अन्य अभी लापता बताये जा रहे हैं। संभवता दुर्घटनास्थल के पास बह रही नदी में लापता लोगों के बहने की आशंका जताई जा रही है।

मुंबई में दो जगहों से 15 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई से सटे नालासोपारा और उल्हासनगर में पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में 15 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें नालासोपारा से 13 बांग्लादेशी नागरिक और उल्हासनगर से बांग्लादेशी पति-पत्नी हैं। घाटकोपर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविनाश कलदाते ने रविवार को मीडिया को बताया कि उनकी टीम ने एक महीने पहले अहमद मिया शेख और एक बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। इन दोनों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने नालासोपारा के आचोले इलाके में शनिवार रात को छापा मारकर 13 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें तैबुर अजगर शेख, आलम अजगर शेख, मिजानु सलाम शेख, अब्दुल सिराज शेख, मुराद मिजानुर शेख, रत्ना तैबुर शेख, अमीना मुराद शेख, सबीना अब्दुल्ला शेख, कोहिनूर मिजानुर शेख और चार अन्य हैं। यह सभी अवैध तरीके सेनालासोपारा में रह रहे थे। इन सभी से पूछताछ के बाद और भी बांग्लादेशी नागरिकों के पकड़े जाने की संभावना है।

कांग्रेस में शामिल हुए आप नेता पठानिया और मोनिका

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही नेताओं का पार्टी बदलने का सिलसिला शुरू हो गया है और इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के नेता रघु रेन्द्र पठानिया और मोनिका सिंह ने रविवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दोनों नेताओं को प्रदेश कार्यालय में पार्टी का पटका पहना कर कांग्रेस की सदस्यता दिलायी। इस अवसर पर श्री यादव के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सचिव प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी और दानिश अबरार, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के अध्यक्ष रौनक खत्री सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। श्री यादव ने आप से कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि इनके आने से पार्टी मजबूत होगी।

साइबर अपराध : पर्सनल डेटा चोरी पर लगेगी लगाम, केंद्र सरकार ने तैयार किया एक मसौदा

डिजिटल पर्सनल डेटा सुरक्षा एक्ट के लिए ड्राफ्ट नियम जारी

एजेंसी

नई दिल्ली। पर्सनल डिजिटल डेटा संरक्षण अधिनियम लागू होने जा रहा है। लोगों के पर्सनल डेटा को साइबर अपराधियों से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने एक मसौदा तैयार किया है। रविवार को सरकार ने इस संबंध में तैयार मसौदों और उसके नियमों को जारी कर दिया है।इससे डेटा चोरी शिकंशा कसा जा सकेगा। सरकार ने शिकायत निवारण और डेटा संरक्षण बोर्ड बनाने का भी निर्णय लिया है।

इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल पर्सनल डेटा सुरक्षा एक्ट के लिए ड्राफ्ट नियम जारी किए हैं, जिसके अनुसार डेटा फिड्युसरी (एक ऐसी संस्था या व्यक्ति, जो पर्सनल डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता की जिम्मेदारी लेता है) के लिए बच्चे के किसी भी पर्सनल डेटा को प्रोसेस करने से पहले माता-

पिता सहमति लेना अनिवार्य होगा। ड्राफ्ट के अनुसार शिकायत निवारण और डेटा संरक्षण बोर्ड बनाया जाएगा। डिजिटल बोर्ड एक कार्यालय के तौर पर काम करेगा। इसमें एक डिजिटल प्लेटफार्म और ऐप होगा, जिसके चलते लोग डिजिटल संपर्क में रहेंगे और शिकायत कर सकेंगे। डिजिटल बोर्ड समयबद्ध तरीके से शिकायतों का निपटारा, सजा का न्यायिक ढांचा प्रदान करेगा। डेटा जिस ट्रस्टी के पास होगा, वो सालाना सुरक्षा उपाय,आकलन और ऑडिट सुनिश्चित करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कानून बनाने के लिए 18 फरवरी तक लोगों से सुझाव मांगे है।

ड्राफ्ट नियमों के मुताबिक संपूर्ण डेटा सुरक्षा ढांचा, नागरिकों को केंद्र में रखकर बनाया गया है।

व्यक्तिगत डेटा कैसे संसाधित किया जाता है, डेटा प्रत्ययी को इसके बारे में स्पष्ट और सुलभ जानकारी प्रदान करनी चाहिए, जिससे सूचित सहमति मिल सके। नागरिकों को डेटा मिटाने की मांग करने, डिजिटल नॉमिनी नियुक्त करने और अपने डेटा को प्रबंधित करने के लिए उपयोगकर्ता के अनुकूल तंत्र तक पहुंचने के अधिकारों के साथ सशक्त बनाया गया है। ये नियम नागरिकों को उनके डेटा पर अधिक नियंत्रण देकर सशक्त बनाएंगे। सूचित सहमति, डेटा मिटाने का अधिकार और शिकायत निवारण के प्रावधान, नागरिकों का डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विश्वास बढ़ेगा। माता-पिता और अभिभावक अपने बच्चों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सशक्त हैं।

नवाचार और विनियमन के बीच संतुलन

इस व्यवस्था में छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप के लिए अनुपालन के कम दबाव की परिकल्पना की गई है। इसके तहत सभी के लिए पर्याप्त अवधि प्रदान की जाएगी, ताकि छोटे उद्यमों से लेकर बड़े कॉरपोरेट, तक सभी हितधारक नए कानून का अनुपालन करने के लिए सुचारू रूप से बदलाव कर सकें।

डिजिटल-प्रथम दृष्टिकोण

ये नियम 'डिजाइन द्वारा डिजिटल' दर्शन पर आधारित हैं। जीवनयापन और व्यवसाय करने में आसानी सुनिश्चित करने के लिए सहमति तंत्र, शिकायत निवारण और डेटा संरक्षण बोर्ड की कार्यप्रणाली, सभी को 'बॉर्न डिजिटल' के रूप में परिकल्पित किया गया है। बोर्ड एक डिजिटल कार्यालय के रूप में कार्य करेगा, जिसमें एक डिजिटल प्लेटफॉर्म और ऐप होगा, जो नागरिकों को डिजिटल रूप से संपर्क करने और उनकी भौतिक उपस्थिति की जरुरत के बिना, उनकी शिकायतों का निपटारा करने में सक्षम करेगा। शिकायतों को संसाधित करने से लेकर डेटा प्रत्ययी के साथ बातचीत करने तक, निवारण की रफ्तार और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पूरी व्यवस्था को अनुकूलित किया गया है। यह शासन के प्रति भारत के दूरदर्शी दृष्टिकोण को दशार्ता है और नागरिकों तथा डेटा प्रत्ययी के बीच विश्वास पैदा करता है।

हितधारकों की चिंताओं को संबोधित करना

डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड का डिजिटल कार्यालय, दृष्टिकोण शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करेगा। चूक के लिए जुमार्ना लगाते समय बोर्ड को चूक की प्रकृति और गंभीरता, प्रभाव को कम करने के लिए किए गए प्रयास आदि जैसे कारकों पर विचार करना जरुरी है।

भीलवाड़ा में फ्लाइंग स्कूल को मिली मंजूरी

प्रदेश के विमानन क्षेत्र का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

जयपुर, 05 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में विमानन क्षेत्र के विकास एवं क्षेत्रीय हवाई सम्पर्क को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रही है। इसी कड़ी में भीलवाड़ा की हमीरगढ़ हवाई पट्टी को विकसित करते हुए फ्लाइंग स्कूल खोला जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा जरूरी स्वीकृतियां प्रदान कर दी गई हैं। शर्मा ने कहा कि इस फ्लाइंग स्कूल के खुलने से युवाओं को प्रदेश में ही फ्लाइंग प्रशिक्षण के अवसर प्राप्त होंगे। प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा में भी फ्लाइंग स्कूल खोलने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। इस संबंध में निवेशक

यहां निवेश के लिए रूचि दिखा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में घरेलू विमानन बाजार निरंतर विकसित हो रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा विमानन क्षेत्र के लिए शुरू की गई उड़ान योजना से घरेलू यात्रियों की संख्या में वृद्धि हुई है।उल्लेखनीय है कि प्रदेश में विमानन क्षेत्र में आधारभूत ढांचे का विकास और क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार करने के लिए राज्य सरकार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। इसी क्रम में मंत्रिमंडल से नागरिक विमानन नीति-2024 को मंजूरी मिल चुकी है। इस नीति में विमानन प्रशिक्षण सुविधाओं, विमानन रखरखाव सेवाओं को बढ़ाने और एयरोस्पेस गतिविधियों को विकसित करने पर जोर दिया गया है।

भारतीय तटरक्षक बल का एडवांस हेलीकॉप्टर 'ध्रुव' क्रैश, तीन की मौत

एजेंसी

नई दिल्ली। गुजरात के पोरबंदर में रविवार को भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार सभी तीन लोगों की मौत हो गई। लैंडिंग के समय दुर्घटनाग्रस्त हुए हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने की संभावना जताई गई है, इसलिए कोस्ट गार्ड ने जांच के आदेश दिए हैं। दो महीने पहले भी अरब सागर में क्रैश हुए ध्रुव हेलीकॉप्टर की जांच इंडियन कोस्ट गार्ड की टीम कर रही है।

भारतीय तटरक्षक बल के कमांडर अमित उनियाल ने इस घटना में तीन लोगों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि यह दुर्घटना रविवार सुबह पोरबंदर के कोस्ट गार्ड एयर एन्क्लेव में हुई है। क्रैश के दौरान घायल हुए दो लोगों ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया, जबकि हेलीकॉप्टर से कूदने वाले व्यक्ति की भी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। इसी दौरान

कुछ तकनीकी खराबी आने से गुजरात के पोरबंदर कोस्ट गार्ड एयरपोर्ट पर लैंडिंग के समय हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

गुजरात के पोरबंदर में आज यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड ने दो माह पूर्व हुई दुर्घटना के बाद एएलएच ध्रुव फ्लीट के सेफ्टी अपग्रेडेशन का काम पूरा किया है। पिछले साल भी एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर ध्रुव कई दुर्घटनाओं का शिकार हुआ था। डिजाइन संबंधी गंभीर समस्या से जूझ रहे ध्रुव फ्लीट को पिछले साल कई बार उड़ान भरने से रोक दिया गया था। सिलसिलेवार दुर्घटनाओं के कारण इस हेलीकॉप्टर के फ्लाइट सेफ्टी रिकॉर्ड पर सवाल खड़े हो गए थे। इसके बाद एचएएल ने इस स्वदेशी हेलीकॉप्टर में मॉडर्न कंट्रोल सिस्टम अपग्रेड किया है।

चार नक्सली ढेर, जवान बलिदान

एजेंसी

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ के जंगल में पुलिस-नक्सलियों के बीच शनिवार देर रात हुई मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर हो गए जबकि डीआरजी जवान प्रधान आरक्षक क्रं. 331 सन्नू कारम का बलिदान हो गया। सर्चिंग के दौरान जवानों ने मौके से सभी चार नक्सलियों के शव के साथ एके 47, एसएलआर जैसे आटोमैटिक हथियार बरामद किए हैं। इस मुठभेड़ की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने की है।

पुलिस के अनुसार बलिदानी जवान सन्नू कारम एक आत्मसमर्पित नक्सली थे। उन्होंने कुछ साल पहले ही नक्सलवादियों का साथ छोड़ दिया था और पुलिस में भर्ती हुए थे। वे दंतेवाड़ा में पदस्थ थे। आज रविवार दोपहर 2.30 बजे बलिदानी सन्नू कारम के पार्थिव शरीर को ससम्मान पुलिस लाइन कारली जिला दंतेवाड़ा में सलामी दी जाएगी। बताया जा रहा है कि शनिवार देर रात चार जिले के एक हजार जवानों ने नक्सलियों के कोर इलाके को घेर लिया था। दोनों तरफ से रुक-रुककर गोलीबारी हुई। इसमें चार नक्सली मारे गए और एक जवान का बलिदान हो गया। मारे गए नक्सलियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जवान अब भी मौके पर ही मौजूद हैं और इलाके की सर्चिंग कर रहे हैं।

पीएम ने दिल्ली को 12,200 करोड़ की दी सौगात

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रेल, मेट्रो और स्वास्थ्य से जुड़ी 12,200 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर हिस्से का उद्घाटन शामिल है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने सुबह गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से दिल्ली के न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा भी की। यह परियोजना लगभग 4,600 करोड़ रुपये की है।

उद्घाटन के साथ ही दिल्ली को अपनी पहली नमो भारत कनेक्टिविटी मिल गई। इससे दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा काफी सुगम हो जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली मेट्रो फेज-4 के जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच करीब 1,200 करोड़ रुपये की लागत वाले 2.8 किलोमीटर लंबे हिस्से का भी उद्घाटन किया। यह दिल्ली मेट्रो फेज-4 का पहला खंड है। इससे पश्चिमी दिल्ली के कृष्णा पार्क, विकासपुरी, जनकपुरी के कुछ हिस्से और अन्य इलाकों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो फेज-4 के 26.5 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली खंड की आधारशिला रखी, जिसकी लागत करीब 6,230 करोड़ रुपये होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के लिए नए अत्याधुनिक भवन की आधारशिला भी रखी, जिसका निर्माण लगभग 185 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

अभ्यास आईएनएस तुशील सेनेगल के डकार बंदरगाह पहुंचा, पैसेज एक्सरसाइज में लेगा हिस्सा

जहाज पर लगे अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों का होगा प्रदर्शन

एजेंसी

नई दिल्ली। रूस के कलिनिनग्राद से भारत के लिए रवाना हुआ भारतीय नौसेना का नवीनतम बहु भूमिका वाला स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशील सेनेगल के डकार बंदरगाह पर पहुंच गया है। यह यात्रा सेनेगल के साथ मौजूदा संबंधों को और मजबूत करेगी तथा दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच बातचीत को बढ़ाएगी। कैप्टन पीटर वर्गीस की कमान में यह जहाज बंदरगाह पर विभिन्न सैन्य और सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेगा। सेनेगल के वरिष्ठ सैन्य और सरकारी अधिकारियों से बातचीत के साथ पैसेज एक्सरसाइज में जहाज पर

लगे अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों, सेंसर और उपकरणों का प्रदर्शन किया जायेगा।

रूस में निर्मित भारतीय युद्धपोत आईएनएस तुशील को 9 दिसंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में नौसेना में शामिल किया गया था। इसकी कमान कैप्टन पीटर वर्गीस के पास है, जिनके साथ 250 कर्मियों की टीम है। भारतीय नौसेना का नवीनतम बहु-भूमिका वाला स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशील 17 दिसंबर को रूस के कलिनिनग्राद से भारत के लिए रवाना हुआ, जो उसकी पहली परिचालन तैनाती की शुरूआत थी। अब यह जहाज अपने गृह बंदरगाह कर्नाटक के कारवार की ओर बढ़ रहा है। यात्रा के दौरान जहाज रास्ते में पड़ने वाले मित्र देशों की नौसेनाओं के साथ सहयोगी अभ्यास में भाग ले रहा है, जिससे क्षेत्र के देशों के साथ भारत की समुद्री कूटनीति को और बढ़ावा मिलेगा।

नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल ने रविवार को बताया कि भारतीय नौसेना का नवीनतम स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तुशील परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में 3 जनवरी को सेनेगल के डकार बंदरगाह पर पहुंच गया। यह जहाज दोनों नौसेनाओं के विषय विशेषज्ञों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी अवसरों के लिए बातचीत करेगा और प्रदर्शन के साथ प्रशिक्षण भी देगा। सेनेगल के उत्साही लोगों के लिए योग का एक उत्साहवर्धक सत्र भी होगा। भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए जहाज पर सामाजिक कार्यक्रम होने के बाद पश्चिमी अफ्रीकी तट के जलक्षेत्र में सेनेगल की नौसेना के साथ पैसेज एक्सरसाइज और संयुक्त गश्त में भाग लेगा।

क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ाना उद्देश्य

इस अभ्यास का उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ाने और अंतर-संचालन को बढ़ावा देते हुए दोनों नौसेनाओं के बीच समुद्री सहयोग को आगे बढ़ाना है। यह यात्रा इस बात का एक और मजबूत संकेत है कि भारत सेनेगल के साथ अपने संबंधों को कितना महत्व देता है और दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूत करने की उसकी कोशिश क्या है। यह दोनों नौसेनाओं को एक-दूसरे से सीखने और सहयोग के नए रास्ते तलाशने का अवसर भी है।

उपराष्ट्रपति का एनसीसी कैडेटों से राष्ट्र विरोधी ताकतों से सतर्क रहने का आग्रह

एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के जवानों से भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए राष्ट्र विरोधी ताकतों के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने कैडेटों को 2047 तक भारत के गौरव का निमार्ता बताया।

उपराष्ट्रपति ने आज दिल्ली कैंट के करिअप्पा परेड ग्राउंड स्थित मुख्यालय डीजी एनसीसी कैंप में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2025 के उद्घाटन अवसर पर एनसीसी कैडेटों को संबोधित किया। उन्होंने एनसीसी की सराहना करते हुए कहा कि यह एक अनुशासित बल है जो मानव विकास के लिए आवश्यक गुणों का संचार करता है। उपराष्ट्रपति ने कैडेटों को 2047 तक भारत के गौरव का निर्माता बताया। संगठन राष्ट्रवाद और राष्ट्र-प्रथम दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। दुनिया का कोई भी राष्ट्र तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध न हों।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, 'हमारे राष्ट्रीय परिवर्तन की नींव पांच शक्तिशाली स्तंभों अर्थात सामाजिक सद्भाव, पारिवारिक प्रबोधन, पर्यावरण चेतना, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों पर टिकी हुई है। पंचप्राण पर धनखड़ ने कहा कि विविधता को राष्ट्रीय एकता में बदलने वाली सामाजिक समरसता सबसे महत्वपूर्ण है।

भागवत के वक्तव्य का इतना विरोध क्यों?

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत द्वारा वर्तमान मंदिर- मस्जिद उभरते विवादों पर दिए वक्तव्य को लेकर अनेक धर्माचार्यों और हिंदू संगठनों के नेताओं की विरोधी प्रतिक्रियायें लगातार आ रहीं हैं। इस संदर्भ में सबसे कड़ा बयान जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी का आया। उन्होंने कहा कि मैं भागवत के बयान से पूरी तरह असहमत हूं। मैं यह स्पष्ट कर दूं कि भागवत हमारे अनुशासक नहीं है, बल्कि हम हैं। बाद में उन्होंने एक टेलीविजन पर बात करते हुए ऐसा कुछ बोला जो उनके अंदर व्याप्त नाराजगी को साफ दर्शा रहा था। वैसे रामभद्राचार्य जी ने कहा कि संभल में अभी जो कुछ हो रहा है वह बहुत बुरा है। हालांकि सकारात्मक पहलू यह है कि चीज हिंदुओं के पक्ष में सामने आ रही हैं। हम न्यायालय में मतदान और जनता के समर्थन से इसे सुरक्षित करेंगे। वैसे अनेक संगठनों, बुद्धिजीवियों, नेताओं आदि ने डॉक्टर भागवत के बयान का समर्थन भी किया है।

विडंबना है कि पहले जब सरसंघचालक ने ऐसे वक्तव्य दिए तब उसे झूठ, पाखंड और आंखों में धूल झोंकने वाला तक कहा गया। इसलिए विरोधियों की प्रतिक्रियाएं इन संदर्भों में न नैतिक है, न विश्वसनीय और न इनका कोई अर्थ है। हमें पूरे विषय को सही संदर्भों में देखना और निष्कर्ष निकालना होगा। पिछले वर्षों में यह पहली बार नहीं है जब भागवत के वक्तव्य पर विरोधी तीखी प्रतिक्रियाएं हिंदू संगठनों, नेताओं और कुछ धर्माचार्यों की ओर से आया है। 2 जून, 2022 को नागपुर में जब उन्होंने कहा था कि अयोध्या, काशी और मथुरा की मान्यता रही है लेकिन हर मस्जिद में मंदिर क्यों तलाशें तब भी इसी तरह की प्रतिक्रियाएं थी और उसके पूर्व धर्म संसदों में दिए गए आक्रामक वक्तव्यों के संदर्भ में भी उनके विचारों का कुछ पक्षों ने विरोध किया था। ऐसा नहीं है कि संघ प्रमुख या संघ के शीर्ष नेतृत्व को इसका आभास पहले से नहीं होगा। बावजूद उन्होंने ऐसा वक्तव्य दिया और पहले भी देते रहे हैं तो निश्चित रूप से इसके पीछे गहरी सोच, अतीत और वर्तमान का विश्लेषण तथा भविष्य की दृष्टि होगी। हम संघ के विचारों या कुछ कार्यों से सहमत असहमत हो सकते हैं लेकिन निष्पक्ष होकर विश्लेषण और विचार करने वाले मानते हैं कि शीर्ष स्तर से दिया गया हर वक्तव्य और भाषण काफी सोच - समझकर ही सामने आता है।

वैसे भी सरसंघचालक का वक्तव्य संगठन परिवार के लिए अंतिम शब्द माना जाता है। स्वाभाविक ही जब ऐसा बोल रहे थे तो देश में बने वातावरण और आम हिंदू समाज की उस पर हो रही प्रतिक्रियाएं सब उनके सामने थे और हैं। तो फिर ऐसा उन्होंने क्यों कहा होगा? पहले उनके भाषण की उन पंक्तियों को देखें। 19 दिसंबर को पुणे के सहजीवन व्याख्यानमाला में ' इंडिया द विश्व गुरु' विषय पर उनका भाषण था और उन्होंने मराठी में बोला। बोलते हुए डॉ. भागवत ने कहा ''हम लंबे समय से सद्भावना से रह रहे हैं। अगर देश में सौहार्द्र चाहिए तो इसकी मिसाल हमारे देश में होनी चाहिए, हमारे देश में आस्था का सम्मान होना चाहिए । हिंदुओं का मानना है कि राम मंदिर बनना चाहिए, क्योंकि यह आस्था का स्थान है। लेकिन ऐसा करने से आप हिंदुओं के नेता बन जाएंगे ऐसा नहीं है या किसी हिंसक अतीत के फलस्वरुप अत्यधिक नफरत, द्वेष, शत्रुता, संशय से हर दिन एक नया मामला उठाना यह कैसे काम कर सकता है।'' स्वाभाविक है कि संभल से लेकर बदायूं ,दिल्ली का जामा मस्जिद, कानपुर, वाराणसी आदि में नए मंदिरों का मिलना, पहले से चल रहे वाराणसी के ज्ञानवापी और मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यायिक विवादों के बीच बने हुए वातावरण में सहसा इन पंक्तियों को पचा पाना आसान नहीं हो सकता। विचार करने वाली बात यह है कि क्या संघ जैसा संगठन, जिसने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए अपनी पूरी शक्ति लगाई तथा मथुरा और काशी को लेकर भी उसके मत उन दिनों से स्पष्ट रहे हैं जब दूसरे संगठनों का प्रभाव नहीं था, या वे थे नहीं तो वह ऐसा कैसे बोल सकते हैं? वह भी उन स्थितियों में जब संभल से लेकर बदायूं वाराणसी दिल्ली भोजशाला आदि सभी जगह ऐतिहासिक रूप से घटनाएं और वर्तमान स्थिति हिंदुओं के पक्ष में जातीं है। मुस्लिम काल में इन मंदिरों को ध्वस्त किया गया और उनमें निहित प्रतिमाओं को अपमानित करने के लिए अनेक उपक्रम हुए स्वतंत्रता के बाद भी अपने ही मूल शहर से हिंदुओं को दूसरी जगह पलायन करना पड़ा उनके मंदिरों में पूजा पाठ करना, लोगों का जाना कठिन हुआ, बंद हुए और कई जगहों पर बेदर्दी से स्थलों को कब्जा करने के उपक्रम भी हुए।

स्थानीय स्तरों पर इनमें से ज्यादातर स्थानों को प्राप्त करने की भावनायें या उन मुद्दों को उठाने और कहीं-कहीं संघर्ष करने का भी लंबा अतीत है। इसमें अगर व्यक्तिगत रूप से किसी हिंदू समूह या पूरे समाज को लगता है कि हमें वह स्थल वापस मिलने चाहिएं और जहां प्रतिमाओं का अपमान हुआ उनका निराकरण भी हो और इसके लिए वे सामने आते हैं, न्यायालय में जाते हैं तो यह स्वाभाविक है। भागवत जिस विषय पर बोल रहे थे वह भारत के विश्व गुरु बनने पर था और उनका पूरा भाषण 1 घंटे से ज्यादा का है। इसमें वह प्राचीन भारत से लेकर मुस्लिम काल, अंग्रेजों की गुलामी आदि के प्रभाव, वर्तमान में भारत किस तरह विश्व दृष्टि से कम कर रहा है आदि सभी बातें शामिल हैं जिनकी लोग अपेक्षा रखते हैं। फिर भविष्य की दृष्टि है और उसी में लगभग अंत में केवल एक कुछ पंक्तियां हैं।

किसी देश को पूरा संसार अपना आदर्श तभी मानेगा और उसका अनुसरण भी करेगा जब वह देश अपने अंदर विवादों को सही तरीके से सुलझाने, सभी पंथो, मजहबों के बीच के तनावों को तरीके से समाप्त करने और सहजीवन के साथ रहते हुए आदर्श देश की मिसाल रखेगा। यानी उठाए जा रहे मुद्दों के अन्य पहलुओं पर गहराई से नहीं विचार होगा तो समस्यायें सुलझने के बजाय उलझेंगी और फिर इनका समाधान भी संभव नहीं होगा। कोई भी विवेकशील व्यक्ति कह नहीं सकता कि जो अतीत में अन्याय , अत्याचार, ध्वंस और कब्जे हुए वो वैसे ही रहे और लोगों की भावनाएं दमित हों। इनसे भविष्य में हिंसा व तनाव बढ़ाने की संभावनाएं ज्यादा होती हैं। समस्या यह है कि संपूर्ण देश में ऐसे हजारों स्थान है।

कल्पना करिए धीरे-धीरे पूरे देश में ऐसे विषय उठ जाएं और स्थिति संभल जैसी पैदा हों तो क्या होगा? क्या देश की इन विवादों के अंतिम समाधान की अभी तक तैयारी है? क्या हिंदू समाज इनके विरुद्ध होने वाली अनेक तरह की विपरीत प्रतिक्रियाओं का सफलतापूर्वक सामना करने की अवस्था में पहुंच गया है? क्या जो लोग इन विषयों को न्यायालय में ले जा रहे हैं उनकी ऐसी क्षमता है कि वो इनका सामना भी कर सकें? क्या उन सब की विश्वसनीयता भी है? क्या धर्माचार्य और अन्य हिंदू संगठनों ने उन स्थितियों के लिए अपनी तैयारी कर रखी है?

सब तीर्थ बार-बार गंगासागर एक बार, पुण्य तीर्थ है गंगासागर मेला

प्रशांत राउल

पश्चिम बंगाल में एक जिला है दक्षिण 24 परगना। इसी दक्षिण 24 परगना जिले में पड़ता है सागर द्वीप। गंगा यहीं पर आकर सागर से मिलती है, इसलिए गंगा और सागर के मिलन को 'गंगासागर' के नाम से पुकारा जाता है। कोलकाता से सागर द्वीप की दूरी लगभग 150 किलोमीटर है और सागर द्वीप की आबादी यही कोई तीन लाख के करीब होगी। सागर द्वीप के संपूर्ण इलाके में मुख्य खेती पान, मिर्च और तरबूज है। यहां की 50 प्रतिशत आबादी की जीविका इसी खेती पर निर्भर है। बाकी आबादी मछली और झींगा पालन पर आश्रित है।

दिसंबर आते ही सागर द्वीप की चहल-पहल थोड़ी बढ़ जाती है। और जनवरी आते-आते पहले हफ्ते तक गंगासागर मेले को आखिरी रूप लगभग दे दिया जाता है। सागर-संगम की उत्ताल लहरों के बुलावे पर देश के कोने-कोने से तीर्थयात्रियों के जत्थे चल पड़े हैं गंगासागर की ओर। गंगासागर मेले और सागर द्वीप में डुबकी लगाने वालों में सबसे ज्यादा संख्या उत्तरप्रदेश के लोगों की होती है। उसके बाद ही बिहार, झारखंड, बंगाल, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, ओडिशा और गुजरात की बारी आती है। जम्मू कश्मीर, दक्षिण के राज्य जैसे केरल और तमिलनाडु के अलावा नेपाल से भी बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के जत्थे यहां आते हैं।असम, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा से भी तीर्थयात्री यहां बड़ी संख्या में आते हैं। फ्रांस, जर्मनी, इंग्लैंड, जापान, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका और अमेरिका से भी कुछ पर्यटक गंगासागर मेले में आते हैं। वे 'पर्यटन' मान कर यहां आते हैं। कड़ाके की ठंड में भी गंगासागर में खूब घूमते हैं और तीर्थयात्रियों की तस्वीरें अपने कैमरे में कैद करते हैं। उन्हें रंग-बिरंगी अच्छी तस्वीरें मिल जाती हैं। समुद्र की उत्ताल लहरों/तरंगों का आनंद विदेशी पर्यटक गंगासागर मेले मं् भरपूर उठाते हैं। पश्चिम बंगाल सरकार को उम्मीद है कि इस बार भी ज्यादा संख्या उत्तरप्रदेश से होगी। बनारस, लखनऊ, जौनपुर, प्रतापगढ़, बलिया, मिर्जापुर और कानपुर से तीर्थयात्रियों की बड़ी संख्या गंगासागर आती है हर बार। वे गंगासागर मेले के अलावा बंगाल के अन्य तीर्थस्थलों का भी भ्रमण करते हैं। इनमें कालीघाट और दक्षिणेश्वर मंदिर प्रमुख है।

गंगासागर के पुण्य स्नान में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। 'सब तीर्थ बार-बार गंगासागर एक बार' की कहावत को झुठलाते दूरदराज के तीर्थयात्री बंगाल आने भी लगे हैं। कभी सघन, दलदली सुंदरवन के विषैले-हिंस्र जीव-जंतुओं व बाघ जैसे वन्य पशुओं से बचते- बचाते, अनिश्चित समुद्री उफान से घिरे सागर द्वीप के कपिल मुनि मंदिर तक पहुंचना आस्था और पुण्य-लाभ की कसौटी मानी जाती थी, इसलिए जीवन में एक बार भी साध्य हो पाने वाली यह तीर्थ-यात्रा लोकजीवन में खास स्थान बनाती चली गई। वैसे गंगासागर यानी सागर द्वीप में कपिलमुनि मंदिर के अलावा देखने लायक ढ़ेर सारे स्थान हैं जैसे भारत सेवाश्रम संघ का मंदिर, वामनखाली जीव गवेषणा केंद्र, मनसा द्वीप स्थित रामकृष्ण मिशन का संग्रहालय, शंकराचार्य मठ में साधु-संतों का अखाड़ा, धवलट स्थित लक्ष्मी माता का मंदिर और सौर ऊर्जा केंद्र।

गंगासागर मेले के उद्भव काल के बारे में ठीक-ठीक बता पाना तो कठिन है, लेकिन कहते हैं कि गंगा हिमालय पर्वत से निकल कर सात धाराओं - गंगा, यमुना, सरस्वती,

रथस्था, सरयू, गोमती और गंडक में बहती हुई, भगीरथ के समस्त पूर्वजों को मोक्ष प्रदान कराती आखिर में सागर में समाहित हो गई। 'गंगा' और 'सागर' के इसी संगम स्थल को 'गंगासागर' कहा गया है।

सागर द्वीप यानी गंगासागर का एक छोर बंगाल की खाड़ी है, तो दूसरा छोर बांग्लादेश। सुंदरवन के दुर्गम, हिंस्र जानवरों वाले इलाके को स्पर्श करता हुआ अथाह जलराशि वाला यह संपूर्ण क्षेत्र करीब 28, 706 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तक फैला है। सदियों से चली आ रही यह मान्यता है कि गंगासागर मेला कपिल मुनि के मंदिर को केंद्र में रखकर लगता है। वैसे कपिल मुनि को भगवान विष्णु का चौबीसवां अवतार माना गया है। कहावत है कि इन्हीं के शाप देने से राजा सगर के साठ हजार पुत्र भस्म हो गए थे। कहते हैं कि महाभारत युद्ध की समाप्ति के पश्चात जब भीष्म पितामह शर-शैय्या पर सोए थे, तब उनसे मिलने के लिए आने वालों में कपिल मुनि के नाम का उल्लेख भी आता है। किंवदंती है कि महाराज सगर एक सूर्यवंशी राजा थे। इनके साठ हजार पुत्र थे। सगर ने एक बार अश्वमेध यज्ञ के निमित्त अश्वों को छोड़ा और जब इनके अश्व लौटकर नहीं आए, तब इन्होंने अश्वों की खोज में अपने साठ हजार पुत्रों को भेज दिया।

अश्वों की खोज में विफल रहने के बाद जब सगर पुत्र पाताल में कपिल मुनि के आश्रम पहुंचे, तो देखा सभी अश्व वहां बंधे पड़े हैं। तब सगर पुत्रों ने कपिल मुनि पर चोरी का लांछन लगाते हुए कपिल मुनि के चारों तरफ ईंधन एकत्रित करके उन्हें अग्नि प्रज्जवलित कर दिया। कहते हैं अग्नि की तपन से कपिल मुनि की समाधि टूटी और समाधि टूटते ही कपिलमुनि ने अपनी योग-शक्ति के बल पर सगर-पुत्रों को भस्म होने का शाप देते हुए कहा - 'हे अग्नि देव, जिसने तुझे मेरे भक्षण के निमित्त प्रज्जवलित किया है, तू उसी का भक्षण कर।' कपिल मुनि के इतना कहते ही सगर के साठ हजार पुत्रों को उसी अग्नि ने जलाकर भस्म कर दिया। कहते हैं कि बाद में जब महाराज सगर को अपने साठ हजार पुत्रों की मृत्यु की सूचना मिली, तो उन्हें बड़ा कष्ट हुआ। राजा सगर तभी से अपने पुत्रों की मोक्ष-प्राप्ति के उपाय की खोज में लग गए। खोज के दौरान ही उन्हें मोक्षदायिनी गंगा की जानकारी हुई। इस मोक्षदायिनी गंगा यानी देवलोक में बहने वाली 'जाह्नवी' को पृथ्वी पर उतारने के लिए राजा सगर ने अनेक उपाय किए, पर उनके सभी उपाय विफल रहे।

राजा सगर की अनेक पीढ़ियों के पश्चात इन्हीं के वंश में 'भगीरथ' नाम का एक राजा हुआ और इसी 'भगीरथ' ने अपने अथक प्रयास से गंगा को देवलोक से पृथ्वी पर लाकर प्रवाहित करने में सफलता प्राप्त की वैसे कपिल मुनि मंदिर का ठीक-ठीक इतिहास बताना तो मुश्किल है। 1837 में प्रकाशित बांग्ला अखबार 'हरकारा' के एक अंक में उल्लेख मिलता है कि - 'यहां जो एक विशाल मंदिर है, वह लोकोक्तियों के अनुसार चौदह सौ वर्ष पहले सन 437 में बना। इस मंदिर में कपिल मुनि नामक एक देवतुल्य सिद्ध महात्मा की मूर्ति है, जिसे जयपुर राज्य के 'गुरु संप्रदाय' ने प्रतिष्ठित किया।' कहते हैं कि बहुत बाद में रामानंदी संप्रदाय के संन्यासियों ने इसे अपना आराध्य-स्थल बनाया। तब से अयोध्या की हनुमानगढ़ी से यह मंदिर संचालित होता चला आया है। वैसे गंगासागर में कपिल मुनि का यह चतुर्थ मंदिर है। तीन मंदिर सागर द्वीप की अथाह जलराशि में पहले ही समा चुके हैं। राधानंद मुखर्जी की मशहूर पुस्तक 'हिस्ट्री ऑफ इंडियन शिपिंग' से पता चलता है कि सोलहवीं शताब्दी के आखिर में संपूर्ण सागर द्वीप का इलाका जेसोर के राजा प्रतापादित्य के अधीन था। कहते हैं कि राजा प्रतापादित्य ने इस स्थान को हिंदू नौशक्ति का नैसर्गिक केंद्र स्थापित करने के लिए चुना था। 'कलकत्ता जर्नल' पत्रिका के 1819 के अंक में गंगासागर में जंगलों की सफाई और निर्माण- कार्य का उल्लेख मिलता है। कहते हैं कि गंगासागर में रास्ता आदि बनाने का काम 1822 में आरंभ हुआ। उसके बाद ही लोगों का आना-जाना शुरू हुआ। सागर द्वीप इलाके में सन 1931 में टेलीग्राम सेवा शुरू हुई। इससे पहले लोगों को अपना संदेश पहुंचाने के लिए महीनों का सफर तय करना पड़ता था। सन 1932 में अंग्रेजों ने जब सागर द्वीप इलाके की जनगणना कराई, तो इस इलाके की आबादी 19, 445 पाई गई थी।

पहले तीर्थयात्रियों को नदी-पथ से गंगासागर आने में चार-पांच दिन लग जाते थे। ऊपर से जंगली जानवरों का डर बना रहता था। सन 1951 में पश्चिम बंगाल के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ विधानचंद्र राय ने जब सागर द्वीप इलाके का दौरा किया, तो इस इलाके का चेहरा थोड़ा पलटा। 1954 में आचार्य विनोबा भावे ने भी गंगासागर का दौरा किया था। 1979 में प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई जब गंगासागर स्नान को आए, तो गंगासागर मेले का स्वरूप और बदला। 1984 में मुख्यमंत्री ज्योति बसु ने गंगासागर इलाके में जिला परिषद और यूथ हॉस्टल का उद्घाटन किया, तब से गंगासागर आने-जाने की व्यवस्था थोड़ी सुचारू हुई।

सागर द्वीप में इस समय एक संसदीय क्षेत्र और एक विधानसभा क्षेत्र है। प्राथमिक स्कूलों की संख्या यहां डेढ़ सौ के करीब है। करीब तीन लाख की आबादी में यहां सत्तर गांव है। एक कालेज यहां कुछ साल पहले ही बना है। पहले किसी को आगे की पढ़ाई करनी होती थी, तो वह नदी पार करके काकद्वीप या डायमंड हार्बर या कलकत्ता आता था।

आगे की पढ़ाई यानी एमए पीएचडी/एमफिल/एमबीबीएस/एमबीए/तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए कलकत्ता आना जरूरी होता था। यह दृश्य अमूमन अभी भी है। इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। यानी गंगासागर इलाके में जिसके पास थोड़ी संपत्ति/पैसा है, वहीं आगे की पढ़ाई कर सकता है। बहुत जटिल जिंदगी है अभी भी गंगासागर इलाके में रहने वालों की। लेकिन, यहां की गरीबी और दरिद्रता में पहले से बदलाव आया है।

यह सच है, गंगासागर इलाके की तस्वीर पहले से काफी बदली है। यहां की जनसंख्या भी बढ़ी है। गंगासागर मेले के समय बिजली की चकाचौंध आंखों को सुकून पहुंचाती है। अब दूसरे राज्यों के तीर्थयात्री एक दिन में कपिल मुनि मंदिर का दर्शन कर लौट भी आते हैं। जलपथ परिवहन और स्थानीय बसों की संख्या पहले की तुलना में बहुत अधिक है। कोलकाता से गंगासागर तक जाने-आने, कपिल मुनि मंदिर का दर्शन करने और सागर द्वीप में डुबकी लगाना अब थोड़ा सुगम हो गया है। किराया भी बहुत ज्यादा नहीं है। पश्चिम बंगाल सरकार हर साल गंगासागर मेले की उन्नति के लिए नए-नए उपाय करती है। इस साल भी तीर्थयात्रियों के लिए बहुत कुछ है।

साहित्यिक जागरण के अग्रदूत

रमेश शर्मा

अंग्रेजी राज से भारत की मुक्ति के लिए एक ओर सशस्त्र और अहिंसक आंदोलन हुए, वहीं सामाजिक और साहित्यिक जागरण के अभियान भी चले। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ऐसे साहित्यकार थे, जिन्होंने 1857 की क्रांति की विफलता के बाद समाज का मनोबल बढ़ाने के लिए हिन्दी जागरण का अभियान चलाया। परिवार ने उनका नाम हरिश्चन्द्र ही रखा था। साहित्य की अद्भुत साधना के लिए उन्हें "भारतेन्दु" अर्थात "भारत का चन्द्र" उपाधि से विभूषित किया गया। उन्होंने अपने सम्मान को नाम के आगे लिखा और "भारतेन्दु हरिश्चन्द्र" के नाम से प्रसिद्ध हुए। उन्होंने जब होश संभाला तब भारतीय समाज जीवन, हिन्दी साहित्य, और हिन्दी भाषा विषमता से गुजर रही थी। 1857 की क्रान्ति की विफलता के बाद समाज का मनोबल टूटा हुआ था। विदेशी लेखक ही नहीं अनेक भारतीय मनीषी भी अंग्रेजी में साहित्य रचना करने लगे थे।

ऐसे वातावरण में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने होश संभाला। और स्वभाषा में रचना करने का अभियान चलाया। उन्होंने स्वयं भी अवधी, ब्रज भाषा और हिन्दी विशेषकर खड़ी बोली में साहित्य रचना आरंभ की अपितु अन्य लेखकों को भी प्रोत्साहित किया। साहित्य जगत के गरिमामय जिस स्थान पर आज हिन्दी खड़ी बोली प्रतिष्ठित है। इसमें भारतेन्दु हरिश्चन्द्र महत्वपूर्ण योगदान है। घर में साहित्य का वातावरण था। इसका प्रभाव उनके आंख खोलते ही पड़ा। वे बचपन से तुकबंदी करके कविता करने लगे और आसपास घटी घटनाओं की कहानी बनाकर सुनाने लगे थे। सात वर्ष की आयु तक उनकी रचनाएं परिष्कृत होने लगीं थीं। ये रचनाएं उपलब्ध भी हैं। उन्होंने गद्य, पद्य, कहानी और व्यंग्य ही नहीं, नाटक भी लिखे। उन्हें आधुनिक नाट्य रचना का पितामह कहा जाता है। उनकी रचनाओं में तत्कालीन सामाजिक परिस्थिति में समाज जीवन के वातावरण दासत्व एवं गरीबी का दर्द, शोषण की असहनीयता और पिछड़ेपन पर समाज का ध्यानाकर्षण है। उन्हें नव जागरण का कल्पनाकार भी माना जाता है। उनकी जीवन यात्रा कुल पैंतीस वर्ष रही। अपनी इस अल्पजीवन यात्रा में भारतेन्द ने संसार के सामने लगभग सभी साहित्य विधाओं पर इतनी रचनाएं की। इससे लगता है वे प्रकृति से अतिरिक्त प्रज्ञा लेकर संसार में आए थे। ऐसे विलक्षण और दूरदर्शी साहित्य विधा के पुरोधा पुरुष भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म 09 सितंबर 1850 को उत्तर प्रदेश के बनारस में हुआ था। घर में बालक ने जन्म लिया तो परिवार ने नाम हरिश्चन्द्र रखा। आर्थिक रूप से उनके परिवार की पृष्ठभूमि बहुत समृद्ध थी। बनारस के प्रमुख धनी परिवारों में गणना होती थी। पिता गोपाल चन्द्र भी अपने समय के प्रसिद्ध कवि थे। घर में हिन्दी और साहित्य दोनों का वातावरण था। बालक हरिश्चन्द्र बचपन से ही बहुत कुशाग्र बुद्धि और कल्पनाशील थे। उनकी स्मरण शक्ति भी अद्भुत थी। जब पांच वर्ष के हुए तो माता का निधन हो गया। इनकी देखभाल दादी ने की और जब दस वर्ष के हुए तो पिता का भी निधन हो गया।

वे बालवय से ही कविता लेखन करने लगे थे। यह उनकी विलक्षण प्रतिभा ही थी कि वे किशोर वय में ही 'बाल विबोधिनी' पत्रिका, 'हरिश्चंद्र पत्रिका' और 'कविवचन सुधा' पत्रिकाओं के संपादन से जुड़ गए थे। उन्होंने केवल 18 वर्ष की आयु में "कवि वचन सुधा"' पत्रिका का प्रकाशन आरंभ कर दिया था। उस समय के भारत के ऐसे कोई प्रतिष्ठित विद्वान और साहित्यकार नहीं जिनकी रचनाएं इस पत्रिका में प्रकाशित न हुई हों। भारतेन्दु को भारत की विविध भाषाओं का ज्ञान था। इनमें अवधि, ब्रजभाषा, बंगला, मराठी, गुजराती, उर्दू और संस्कृत भाषा भी थी। उनका साहित्य लेखन लगभग सभी भाषाओं में हुआ। लेकिन हिन्दी खड़ी बोली और ब्रजभाषा में अधिक। उन्होंने केवल सत्रह वर्ष की आयु में बांग्ला भाषा के लोकप्रिय नाटक "विद्या सुन्दर" का खड़ी बोली में अनुवाद किया। इसका मंचन हुआ। फिर खड़ी बोली में स्वयं अपनी नाट्य रचनाएं भी आरंभ की। उनके नाटकों की कथावस्तु और पात्रों का चयन उनका अपना अनुभव होता था। वे बहुत संवेदनशील स्वभाव के थे। जो वो देखते थे वह घटनाक्रम उनके मष्तिष्क में स्थाई स्वरूप ले लेता था और वही नाटकों में रूपांतरित हो जाता था। इन नाटकों का भी मंचन हुआ। इसीलिए उन्हें हिन्दी थियेटर का पितामह भी कहा जाता है। उनकी साहित्य विधा से प्रभावित काशी के विद्वानों ने उन्हें भारतेन्दु की उपाधि से विभूषित किया। तब उनकी आयु मात्र तीस वर्ष की थी। साहित्य में उनके अद्भुत योगदान और उनसे प्रेरित तत्कालीन साहित्यकारों द्वारा रचित रचनाओं के कारण ही उनके जीवनकाल को "भारतेन्दु युग" के रूप से जाना जाता है। होश संभालते ही अपने जीवन के प्रत्येक क्षण हिन्दी साहित्य को समर्पित करने वाले भारतेंदु ने 06 जनवरी 1885 को अंतिम सांस ली। उनकी रचनाओं में विविधता है। इसमें भक्ति, शृंगार और निर्वेग की रचनाएं भी हैं। इनमें दोहा, चौपाई और छंद भी हैं। उनकी भाषा परिष्कृत और शुद्ध है। भारतेन्दु को स्वभाषा, अपनी परंपरा, विरासत और भारत राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा थी। इसकी झलक उनकी साहित्य रचनाओं में है। वे सुधारवादी थे। उनकी रचनाओं में सामाजिक समस्याओं और कुरीतियों के उन्मूलन का स्पष्ट संदेश है। उन्होंने अपने जीवन काल में कुल 72 ग्रंथों की रचना की। उनकी प्रत्येक रचना कालजयी है। यद्यपि भारतेन्दु का रचना संसार लगभग सभी भाषाओं में है फिर भी ब्रजभाषा में उनकी रचनाएं असाधारण हैं। इन रचनाओं में अदभुत शृंगार है। इनका साहित्य प्रेममय था। इनमें "सप्त संग्रह" और "प्रेम माधुरी" प्रमुख रचना है।

गुरु गोबिंद सिंह : शक्ति और सत्साहस की प्रतिमूर्ति

प्रमोद दीक्षित मलय

भारतवर्ष कर्म की भूमि है और धर्म की भी। इस पावन भूमि का कण-कण दैवीय ऊर्जा से अनुप्राणित है तो वहीं आत्मिक चेतना से उद्धाषित भी। यह पुण्य की तेजोमय अवनि है तो त्याग, बलिदान एवं पराक्रम की उदात्त संवाहक भी। त्यागमूर्ति दशमेश गुरु गोविंद सिंह के शौर्य एवं बलिदान की गाथा हर कंठ का अवलम्बन है। सिख गुरु परंपरा के प्रेरक संत योद्धा गुरु गोबिंद सिंह न केवल सिख पंथ के गुरु एवं उपदेशक हैं अपितु एक समर्थ सिपाही, कवि एवं कुशल सैन्य संगठक भी। उनका जीवन धर्म की रक्षा एवं आततायीओं के विरुद्ध सतत संघर्ष एवं विजय की प्रखर गाथा है। सिख पंथ के नवम गुरु तेग बहादुर अपने परिवार एवं अनुयायियों के साथ समाज जागरण एवं सामाजिक समरसता के लिए प्रवास हेतु पटना पधारे थे। यहीं पर कुछ समय व्यतीत करने के बाद परिवार को नानक भक्त सालिस राय चौधरी की हवेली में छोड़कर आपको बंगाल एवं असम की यात्रा पर जाना पड़ा। पटना की इसी हवेली में पौष शुक्ल सप्तमी सम्वत 1723 तदनुसार 22 दिसम्बर, 1666 को बालक गोबिंद राय का जन्म माता गूजरी की कोख से हुआ। कालान्तर में यहां राजा रणजीत सिंह ने एक भव्य गुरुद्वारा बनवाया जिसे आज तख्त श्री हरमंदिर साहिब कहते हैं। यहां पर आज भी बालक गोबिंदराय की खड़ाऊं, चार लोहे के तीर, एक कृपाण सुरक्षित रखे हैं। वह कुआं भी विद्यमान है जिससे माता गूजरी जल निकालती थीं तथा उस देहरी को भी बनाये रखा गया है जिसे लांघ कर गुरु तेग बहादुर पहली बार अंदर प्रवेश किये थे। प्रकाश पर्व में यहां भव्य आयोजन होता है। असम से वापस आने पर बालक गोबिंद राय से पिता की भेंट हुई। पटना साहिब में पिता के साथ चार वर्ष व्यतीत करने के बाद 1670 में परिवार पंजाब चला आया और 1672 में शिवालिक की पहाड़ियों के निकट चक्क नानकी स्थान पर रहने लगे, जिसे आजकल आनंदपुर साहिब कहा जाता है। यहीं पर बालक गोबिंद राय की पढ़ाई-लिखाई एवं सैन्य शिक्षा प्रारंभ हुई। आपने फारसी, ब्रज, हिंदी एवं संस्कृत भाषा की दक्षता अर्जित की एवं घुड़सवारी, तलवारबाजी एवं तीर चलाना भी सीखा, साथ ही करुणा, समता, ममता, न्याय का आदर्श भी। आनंदपुर साहिब निवास के दौरान ही औरंगजेब की दुष्टता, हिंसा एवं हिंदुओं के जबरिया धर्म परिवर्तन कराए जाने से पीड़ित कश्मीरी पंडितों का एक समूह गुरु तेग बहादुर से मिला और मुगल शासक औरंगजेब की यातना से बचाने एवं हिंदू धर्म की रक्षा हेतु गुहार लगाई। गुरु तेग बहादुर तत्पर हो अपने पांच साथियों के साथ औरंगजेब से मिलने दिल्ली पहुंचे। जहां एक षड्यंत्र के तहत चांदनी चैक में 11 नवम्बर, 1675 को सार्वजनिक रूप से गुरु तेग बहादुर का शीश धड़ से अलग कर दिया गया। उल्लेखनीय है, उसी स्थान पर स्थापित गुरुद्वारा शीशगंज श्रद्धालुओं में त्याग एवं बलिदान का भाव अनवरत भर रहा है। तब 29 मार्च, 1676 को बैसाखी के दिन नौ वर्ष की उम्र में गोबिन्द राय गुरु की गद्दी पर विराजमान हुए। इसी दौरान 21 जून, 1677 को आनंदपुर से दस

किमी दूर बसंत गढ में आपका विवाह माता अजीत कौर (बीबी जीतो) के साथ सम्पन्न हुआ। गोबिंद राय न केवल सैन्य शक्ति संचालन में प्रवीण थे बल्कि लेखन कला में भी कुशल थे। आप के दरबार में कवि एवं लेखकों का सम्मान था। आपने कुछ विद्वानों का एक समूह संस्कृत ग्रंथों के अध्ययन हेतु वाराणसी भी भेजा था। आपने जाप साहिब, अकाल उस्तत, चंडी दी वार, जफरनामा जैसी रचनाएं लोक को प्रदान की।

गुरु गोबिंद राय मुगल शासकों के आतंक से समाज एवं धर्म रक्षा के लिए सैन्य संगठन में जुटे हुए थे। यह प्रयास मुगलों के लिए अनजाने न थे। गुरु गोबिंद राय उनके साम्राज्य विस्तार के लिए एक बड़ा अवरोध थे। इस कारण नादौन और भंगाजी में मुगल सूबेदारों के साथ गुरु गोबिंद राय के साथ भयंकर युद्ध हुआ। मुगल पराजित हुए। गुरु सेना की विजय से सैन्य शक्ति का विस्तार और आत्मविश्वास बढ़ा। इसी दौरान बैसाखी के दिन 1699 में गुरु गोबिंद राय ने मुगलों से धर्म एवं राष्ट्र रक्षा के लिए अपने अनुयायियों से पांच बलिदानी शीश मांगे। इस पर पांच जातियों के व्यक्तियों ने एक-एक कर स्वयं को गुरु चरणों में समर्पित कर दिया। ये पांचों वीर पंज प्यारे नाम से जाने गये। गुरु गोबिंद राय ने लोहे के कटोरे में पानी चीनी लेकर दुधारी तलवार से घोलकर अमृत बना पंज प्यारों को छका पहले खालसा बनाया। तब स्वयं छक छठे खालसा बने। खालसा पंथ की स्थापना कर गुरु गोविंद सिंह नाम धारण कर कहा कि जो व्यक्ति मन, विचार एवं कर्म से शुद्ध है वही खालसा है। खालसा पंथ समानता, आत्मसम्मान, निर्भयता, सहनशीलता और जातीय भेदभाव से मुक्त सामाजिक समरसता के दर्शन पर आधारित है। सभी के लिए पंच ककार यथा केश, कंघा, कच्छा, कड़ा और कृपाण रखना अनिवार्य किया गया। खालसा का मत है कि भय काहू को देत नहिं, नहिं भय मानते आप।

गुरु गोबिंद सिंह के खालसा सैन्य शक्ति का विस्तार एवं प्रभाव देखकर औरंगजेब सिहर गया। सूबेदारों एवं नवाबों की संयुक्त शक्ति के साथ मुगल सेना ने वर्ष 1704 में आनंदपुर साहिब में घेरा डाला। पर खालसा सेना के शौर्य के आगे उसके मंसूबे धराशाई हो गए। तब मुगल सेनापति ने छल करते हुए 21 दिसम्बर, 1704 को कुरान की कसम खाकर एक चिट्ठी गुरु गोबिंद सिंह को भेजी कि किला खाली कर कहीं सुरक्षित जाने पर मुगल सेना आक्रमण नहीं करेगी। तब सिख सेनानायकों से परामर्श कर गुरु गोबिंद सिंह किले से बाहर निकले ही थे कि मुगल सूबेदारों ने कुरान की कसम को धता बताते हुए धोखे से आक्रमण कर दिया। इस अप्रत्याशित हमले में गुरु गोबिंद सिंह का परिवार बिछड़ कर सरहिंद की ओर पहुंच गया और गुरु गोविंद सिंह दो पुत्रों एवं 40 साथियों के साथ चमकौर की ओर निकल गये। सरहिंद के नवाब वाजित खान ने गुरु परिवार को पकड़ जोरावर सिंह 8 वर्ष एवं फतेह सिंह 6 वर्ष को इस्लाम स्वीकार करने का आदेश दिया। पर वीर बालकों के मना कर देने पर क्रूर नवाब ने दोनों बालकों को 27 दिसम्बर, 1704 को दीवार में जिंदा चुनवा दिया। उधर गुरु गोबिंद सिंह को भी लाखों की मुगल सेना ने चमकौर की कच्ची गढ़ी में घेर लिया। तब दशमेश ने कहा कि सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज लड़ाऊं, तब गोविंद सिंह नाम कहाऊं। वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह का जयघोष करते हुए सिख लड़ाके मुगल सेना पर कहर बन टूट पड़े दोनों। पुत्र जुझार सिंह एवं अजीत सिंह बलिदान हो गए। पंज प्यारों के आज्ञा अनुसार गुरु गोविंद सिंह बचे साथियों के साथ जंगल की ओर निकल गए। पत्नी द्वारा पुत्रों के बारे में पूछने पर सिख सैनिकों की ओर संकेत कर कहा कि इन पुतरन के शीश पर, वार दिए सुत चार। चार मुए तो क्या हुआ, ये जीवित कई हजार। आगे 1705 में मुक्तसर के युद्ध में मुगल सेना को पराजित किया। गुरु गोबिंद सिंह ने 14 युद्ध लड़े और विजय श्री का वरण किया।

अंतिम समय में गुरु गोबिंद सिंह महाराज नांदेड़, महाराष्ट्र में रहकर अनुयायियों का मार्गदर्शन एवं प्रवचन करते रहे। सरहिंद के नवाब वाजित खान ने दो पठानों को गुरु गोविंद सिंह की हत्या हेतु वेश बदलकर भेजा और एक दिन मौका पाकर दोनों पठानों ने आराम करते हुए गुरु गोबिंद सिंह पर प्रहार कर घायल कर दिया। अंतिम समय निकट जानकर एक दिन गुरु ने सभी अनुयायियों को एकत्र कर कहा कि अब कोई देहधारी गुरु नहीं होगा। गुरु ग्रंथ साहिब ही गुरु के रूप में मार्गदर्शन करेंगे। यह कहकर नारियल एवं पांच पैसे गुरु ग्रंथ साहिब को अर्पित कर शीश नवाया। 7 अक्टूबर, 1708 को इस अप्रतिम संत योद्धा ने मां भारती के अंक में स्वयं को समर्पित कर दिया। गुरु गोबिंद सिंह के विचार जोत बन सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे।

(लेखक शिक्षक एवं शैक्षिक संवाद मंच के संस्थापक हैं।)

संक्षिप्त समाचार

राजधानी जयपुर में ऑल इण्डिया जमीयतुल कुरैश राजस्थान का साल 2025 का कैलेंडर हुआ जारी

- ऑल इंडिया जमियतुल कुरैश के प्रदेशाध्यक्ष नईमुद्दीन कुरैशी (इंडियाना) ने करी कार्यक्रम की सदारत

चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) तारीख 5-1-2025 को ऑल इण्डिया जमीयतुल कुरैश राजस्थान का साल 2025 का कैलेंडर होटल सरफराज पैलेस एम ड़ी रोड़ आदर्श नगर जयपुर में जारी हुआ! इस मौके पर ऑल इण्डिया जमीयतुल कुरैश के राष्ट्रीय महासचिव हाजी शौकत कुरैशी ऑल इण्डिया जमीयतुल कुरैश राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष नईमुद्दीन कुरैशी (इण्डियाना),ऑल इण्डिया जमीयतुल कुरैश के राष्ट्रीय सचिव इमरान कुरैशी,ऑल इण्डिया जमीयतुल कुरैश जयपुर के अध्यक्ष फसीउद्दीन कुरैशी अज़ीज़ कय्यूम साहब, हाजी इस्लामुद्दीन हाजी अज़ीम हाजी नूरुद्दीन ,शुजाउद्दीन इरफान भाई,सईद अख्तर अब्दुल हक़ साहब,इमरान भाई, मेराज भाई, शाहिद भाई,रशीदभाई, मुशर्रफ भाई, साबिर भाई,ज़फर भाई व जमीयत व क़ौम कुरैश के ज़िम्मेदार मौजूद रहे

द डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जयपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने करी राजस्थान सरकार के मंत्रियों के आत्मीय भेंटवार्ता

चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) द डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जयपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने हेमन्त मीना कैबिनेट मंत्री राजस्व व उपनिवेश विभाग व विजय सिंह चौधरी राज्य मंत्री राजस्व ,उपनिवेश एवं सैनिक कल्याण विभाग एवं जोगाराम पटेल कैबिनेट मंत्री विधि एवं कानून विभाग,तथा गजेन्द्र सिंह खींवसर कैबिनेट मंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से मिलकर अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत, महासचिव नरेंद्र सिंह राजावत, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, एडवोकेट भानू प्रताप सिंह एवं अन्य ने जयपुर में रेवेन्यू बोर्ड की स्थाई बेंच, कलेक्ट्रेट में अधिवक्ताओंकेचेंबर, अधिवक्ताओं के लिए पार्किंग, होम्योपैथिक चिकित्सालय पक्षकार दीर्घा निर्माण,आमजन एवं अधिवक्ताओं के लिए स्वच्छ पेयजल के संदर्भ में चर्चा की गई।

नि:शुल्क थेरेपी सेन्टर की टीम का किया गया जोरदार सम्मान

चमकता राजस्थान। मनोहरपुर (खलील कुरैशी)। बस स्टैंड मनोहरपुर में दो माह से चल रहा निःशुल्क थेरेपी सेन्टर ऑल हील हैल्थ केयर की टीम दिल्ली से आई जिसमें एमडी ऋतू पाठक,शाखा संचालक प्रेम प्रजापत व ज्ञानेंद्र राजावत तथा सहयोगी प्रिया छीपा का कस्बे वासियों ने पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया के नेतृत्व में साफा,शॉल व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।ऋतु पाठक ने बताया कि हमारा प्रयास है कि समाज दवाई मुक्त हो इसी म×कसद से इस तरह के केंद्रों का संचालन किया जा रहा है।वर्तमान में दो सौ लोग लाभ ले रहे हैं हमारा लक्ष्य पांच सौ लोगों को प्रतिदिन निःशुल्क थेरेपी देने का लक्ष्य है।इसमें कमर दर्द,घुटनोंकादर्द,लकवा,साईटिका,हृदय रोग,मोटापा,अनिद्रा सहित अनेक बीमारियों का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है।गणपत खटूमरिया ने कहा कि ऐसे केंद्र सभी कस्बों में खोले जाए तो दवा मुक्त समाज का निर्माण होगा। शाहिद खान ने कहा कि कस्बे वासियों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाएगा।कैलाश गुर्जर ने कहा कि यह एक इंसानियत के लिए किया जा रहा पुण्य कार्य है।उपस्थित लोग बंशीधर बेनीवाल,लक्ष्मणजलुथरिया, विजेन्द्र प्रजापति,पंकज मिश्रा,हाजी शब्बीर खां,रामेश्वर नोगिया,गंगाराम धोबी, सोहन संतका युवा समाजसेवी शाहिद खान सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

ख्वाजा गरीब नवाज मोईनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैहि का 813वां सालाना उर्स :

पाक जायरीन उर्स में शरीक होकर पाकिस्तान सरकार की ओर से पेश करेंगे चादर

- सेंट्रल गर्ल्स स्कूल में प्रशासन ने की माकुल व्यवस्था
- सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद किये गये है कड़े बंदोबस्त, खुफिया एजेंसियां अलर्ट

चमकता राजस्थान

जयपुर/अजमेर !(खलील कुरैशी) अजमेर में चल रहे ख्वाजा साहब के 813वें सालाना उर्स में भाग लेने के लिए पड़ोसी देश पाकिस्तान से लगभग 105 सदस्यीय जायरीन का दल सोमवार को अजमेर पहुंचेगा। पाकिस्तानी जायरीन दल को पुरानी मंडी स्थित राजकीय सेंट्रल गर्ल्स स्कूल में ठहराया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने व्यवस्था की है, साथ ही खुफिया एजेंसियों सहित जिला पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। यहां उल्लेखनीय है कि पाक जायरीन दल विगत 49 सालों से ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स में शिरकत करने अजमेर आ रहा है। 14 सितंबर 1974 को भारत- पाक के बीच हुए धार्मिक वीजा समझौता दोनों मुल्क आज भी निभा रहे हैं।

पाक जायरीनों की व्यवस्था :

सिटी मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह सेंट्रल गर्ल्स स्कूल में ठहरने की राठौड़ ने बताया कि 105 सदस्यीय पाकिस्तानी दल 6 जनवरी को अलसुबह स्पेशल ट्रेन से अजमेर पहुंचेगा। दल के सभी सदस्यों को रोडवेज बस के माध्यम से रेलवे स्टेशन से सेंट्रल गर्ल्स स्कूल तक लाया जाएगा। इसी स्कूल में दल के सभी सदस्यों के आवास की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई है।राठौड़ ने बताया कि अजमेर से गया प्रशासनिक दल पाक जायरीन को लेकर 6 जनवरी को ट्रेन संख्या 12015 शताब्दी दिल्ली से रवाना होकर मध्य रात्रि अजमेर पहुंचेंगे तथा उर्स में भाग लेकर 10 जनवरी दोपहर 3:50 बजे अजमेर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। जायरीन 11 जनवरी को रात्रि 10:30 बजे 12029 स्वर्ण जयंती शताब्दी एक्सप्रेस से अमृतसर के लिए रवाना होंगे। जिला प्रशासन, खुफिया एजेंसियों और पुलिस ने कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए हैं।

व्यवस्थाओं के कुशल प्रबंधन के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्तः

एडीएम सिटी राठौड़ ने बताया कि जायरीन को पुरानी मंडी स्थित सेंट्रल गर्ल्स स्कूल में ठहराया जाएगा। आवास और जियारत की व्यवस्था के लिए अजमेर विकास प्राधिकरण के उपायुक्त भरतराज गुर्जर को सम्पर्क अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ऐजाज अहमद अतिरिक्त सम्पर्क अधिकारी एवं तहसीलदार ओमसिंह लखावत सहायक सम्पर्क अधिकारी होंगे। उनके 24 घंटे की अवधि में जायरीन के सी फॉर्म ऑनलाइन सबमिट होंगे। एनआईसी के संयुक्त निदेशक तेजा सिंह रावत प्रभारी एवं भूअभिलेख निरीक्षक राजवीर सिंह सहायक प्रभारी होंगे।

पाकिस्तानी जायरीनों का लॉटरी से होता है चयन

पाकिस्तानी जायरीन जत्थे में शामिल होने वालों से समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कर आवेदन मांगे जाते हैं। बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं। जांच पड़ताल के बाद लॉटरी सिस्टम से अजमेर शरीफ आने वाले जायरीन का चयन किया जाता है। सूची भारत के विदेश मंत्रालय को पहुंचाई जाती है। पेशावर, लाहौर, इस्लामावाद, कराची, बलूचिस्तान, सिंध आदि स्थानों के लोग शामिल होते हैं।

पाकिस्तानी सरकार की चादर करेंगे पेश

पाकिस्तान से आने वाले जायरीन को केवल अजमेर का बीजा ही दिया जाता है, इसमें अपने रहने के स्थान से अजमेर दरगाह तक ही आ जा सकते हैं। पाक जायरीन की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए जाते हैं। पाकिस्तान से आने वाले जायरीन ख्वाजा साहब की दरगाह पर पाकिस्तानी सरकार और अवाम की ओर से चादर पेश करेंगे। पूर्व में कई ऐसे अवसर आए जब पाक जायरीन उर्स में शरीक होने नहीं आए जिनमें पठानकोट एयरबेस पर आतंकी हमले के समय, जवान का सिर काटकर ले जाने की घटना और सीमा पर तनाव व कोरोना काल के कारण अब तक चार बार पाक जत्था उर्स में शरीक होने अजमेर नहीं आया है।

सदर थाना क्षेत्र में चोरों के हौंसले बुलंद, कई कॉलोनी के घरों के टूटे ताले !

नकाबपोश चोरों ने मचाया तांडव, डेढ़ दर्जन के मकानों में मारी सेंध

चमकता राजस्थान

चित्तौड़गढ़!(बाबू अग्नानी) चित्तौड़गढ़ शहर के सदर थाना इलाके में शनिवार रात को नकाबपोश गिरोह ने जम कर धमाल मचाई है। करीब डेढ़ दर्जन स्थानों पर ताले तोड़े हैं और कुछ स्थानों से नकदी के अलावा आभूषण भी चुरा कर भी ले जाने में सफल रहे हैं। वारदात की जानकारी मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने कुछ मकान का मौका मुआयना किया है। इस संबंध में प्रार्थी की ओर से सदर थाने में रिपोर्ट दी गई है। सीसी टीवी फुटेज में नकाबपोश बदमाश मकान के बाहर से निकलते हुए और घुसते हुए देखे गए हैं।

- **डेढ़ दर्जन मकानों के ताले टूटे!**

जानकारी में सामने आया कि चोरी की यह वारदात है शनिवार रात को सदर थाना इलाके में निंबाहेड़ा मार्ग स्थित न्यायालय के पीछे स्थित

कॉलोनी और भंडाडिया रोड पर हुई है। करीब डेढ़ दर्जन मकान के ताले तोड़े जाने और चोरी की बात सामने आई है। चोरी की वारदात का पता रविवार सुबह मिल पाया। कुछ स्थानों पर मकान सुने पड़े हुवे थे और किरायेदार सर्दी के अवकाश में अपने गांव गए हुवे थे। मामले की जानकारी सदर थाना पुलिस को दी गई। इस पर रविवार को सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने कुछ मकानों के बाहर लगे सीसी टीवी कैमरे के फुटेज खंगाले हैं। इसमें नकाबपोश बदमाश दिखाई दिए। चोरी को लेकर सदर थाने पर प्रार्थी नई कोर्ट के पीछे रहने वाले प्रकाशचंद्र गर्ग ने रिपोर्ट दी है इसमें बताया कि वह बाहर गया हुआ था और रविवार सुबह पड़ोसी ने फोन पर चोरी होने की सूचना दी। इस पर प्रार्थी कोटा से चित्तौड़गढ़ आया और मकान पर देखा तो सामान बिखरा हुआ था। चोर मकान में से अलमारी तोड़ कर सोने के आभूषण तथा करीब साढ़े आठ हजार रुपए की नगदी चोरी कर के ले गए। इसी तरह एक रिपोर्ट हिमांशु शर्मा ने भी दी है। इसने बताया कि वह भी परिवार के साथ 25 दिसंबर से ही कोटा गया हुआ था। रविवार को उसे मकान पर चोरी होने की जानकारी मिली तो चित्तौड़गढ़ लौटा। घर आकर जांच की तो सामने आया कि चोर मकान से करीब 3 तौला वजनी सोने के आभूषण एवं 4000 हजार रुपए की नगदी चोरी कर के ले गए। इधर, जानकारी मिली कि चोरों ने अन्य मकानों को भी निशाना बनाया है। यहां से भी नकदी एवं आभूषण चोरी कर के ले गए हैं। सदर थाना पुलिस प्रार्थी की रिपोर्ट पर जांच में जुट गई है। संदिग्ध बदमाशों की तलाश की जा रही है।

मनोहरपुर निवासी राकेश गुर्जर का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी रेसलिंग कुश्ती खेल प्रतियोगिता में हुआ चयन

चमकता राजस्थान। मनोहरपुर (खलील कुरैशी)। गुरु काशी यूनिवर्सिटी पंजाब बठिंडा में 6 जनवरी से होने वाली अखिल भारतीय विश्व विद्यालय रेसलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में मनोहरपुर गांव निवासी राकेश कुमार गुर्जर का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेल में चयन हुआ है। राकेश ने अपैक्स यूनिवर्सिटी में ट्रायल दिया था। जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने पर राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी खेल में चयन किया गया। राकेश का चयन होने पर गांव के लोगों ने बधाइयां दी।

सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 पेपरलीक मामला

जमानत पर आए 9 और ट्रेनी एसआई सस्पेंड

- बीकानेर रेंज आईजी ने 8, अजमेर रेंज आईजी ने 1 ट्रेनी पर कार्रवाई की, अब तक 20 ट्रेनी थानेदार निलंबित

चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)। सब इंस्पेक्टर- 2021 पेपरलीक मामले में गिरफ्तार हो चुके 9 और ट्रेनी एसआई सस्पेंड किए गए हैं। एसओजी की ओर से गिरफ्तार 45 ट्रेनी एसआई में से अब तक 20 सस्पेंड किए जा चुके हैं। इससे पहले 3जनवरी को 11 एसआई को सस्पेंड किया गया था। रविवार को बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश ने 8 ट्रेनी एसआई करणपाल गोदारा, जयराम, मनीष बेनीवाल, श्रवण कुमार, मनीषा, अंकिता गोदारा, मंजू विश्नोई व मंजू देवी को निलंबित किया है। इनमें से मंजू विश्नोई को बीकानेर व मंजू देवी को हनुमानगढ़ व अन्य को श्रीगंगानगर जिला आवंटित है। अजमेर रेंज आईजी ओमप्रकाश ने 1 ट्रेनी एसआई सुभाष विश्नोई को सस्पेंड किया है। 3 जनवरी को जयपुर, उदयपुर रेंज के 11 ट्रेनी एसआई निलंबित किए गए थे।

सुन्नी दावते इस्लामी के कार्यक्रम में देशभर से जुटे इस्लामी विद्वान वक्ता

ख्वाजा गरीब नवाज ने दिया पुरी दुनिया को दिया इंसानियत का पैगाम

समाज में फैली बुराइयों,नशाखेरी पर अंकुश का किया आह्वान एवं बंधुत्व,मानवता का दिया संदेश

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) । सुन्नी दावते इस्लामी (एसडीआई) के तत्वावधान में यहां1500वां जश्ने ईद मिलादुन्नबी व 813वां उर्से ख्वाजा गरीब नवाज ईदगाह देहली बायपास रोड पर मनाया गया।देर रात तक चले जश्ने ख्वाजा गरीब नवाज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुन्नी दावते इस्लामी (मुम्बई) के अमीर हजरत मौलाना मुहम्मद शाकिर अली नूरी ने ख्वाजा गरीब नवाज की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। वे बोले-ख्वाजा गरीब नवाज ने कुरआन मजीद की रोशनी में पूरी इंसानियत को पैगाम दिया। उन्होंने सूफीइज्म के जरिए अमन व शांति का संदेश दिया। पूरी जिंदगी ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती ने कुरान की तालीम को आम करने के साथ ही सूफी बुजुर्गों की शिक्षा को फैलाया।मुख्य वक्ता आले रसूल अल्हाज मौलाना सैयद अमीनुल कादरी (मालेगांव)ने कहा, इस्लाम की बुनियादी व नैतिक शिक्षा को आम करने के साथ-साथ मॉडर्न एजुकेशन को भी हासिल करें और इसके प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। वहीं उन्होंने समाज में फैली बुराइयों व नशे की लत पर अंकुश लगाए जाने पर बल दिया। आलमी शोहरत याफ्ता सना खां अलहाज कारी मुहम्मद रिजवान खान (मुंबई) ने हम्द नातों मंकबत पेश की।

सूफिइज्म शिक्षा को देंगे बढ़ावा : कादरी

आले रसूल अल्हाज मौलाना सय्यद मुहम्मद कादरी (जयपुर) ने कहा कि हिंदुस्तान सूफी विचार धाराओं औलिया अल्लाह ख्वाजा गरीब नवाज के मानने वालों का है। इसमें सूफी विचार व औलिया अल्लाह की सूफिइज्म शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। नौजवानों को समाज सेवा के कामों के लिए जागरूक कर देश व कौम की तरक्की और खुशहाली के लिए हर संभव प्रयास करने होंगे। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए हर हाल में नेकी को फैलाने और बुराई पर अंकुश लगाए जाने की बात कहते हुए इस मुहिम में जनभागीदारी का आह्वान किया।जयपुर शहर मुफ्ती हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी साहब की अध्यक्षता में आयोजित सुन्नी इज्तेमा का समापन सलातो सलाम, खुसूसी जिक्र व दुआ के साथ हुआ।

विषय विशेषज्ञों ने स्टूडेंट्स का किया मार्ग दर्शन

इससे पूर्व दोपहर बाद टीम एसडीआई उम्मीद का एक विशेष सत्र स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित हुआ। जिसमें स्टूडेंट्स को बताया गया कि वे बोर्ड परीक्षा के बाद कौनसा विकल्प चुने, किस फील्ड में जाना चाहिए, जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। इस सेशन का प्रशिक्षण मुंबई से आए विषय विशेषज्ञ मुहम्मद इस्माइल व मुहम्मद निजामुद्दीन ने दिया।

संक्षिप्त समाचार

केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की ओर से दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुनव्वर खान द्वारा चादर पेश की गई

- मांगी गयी देश में अमन चैन और भाईचारें, तरक्की की दुआएं



चमकता राजस्थान। जयपुर/अजमेर!(खलील कुरैशी) 5 जनवरी 2025 ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला के 813 वे उर्स के मुबारक मौके पर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से ख्वाजा साहब के दर पर दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुनव्वर खान द्वारा चादर पेश की गई देश में अमन चैन भाईचारा आपकी सद्भाव के लिए दुआ की गई चादर सैयद मुनव्वर चिश्ती नियाजी ने पेश करवाई और दुआ की मुनव्वर खान ने देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का संदेश पढ़कर सुनाया राजनाथ सिंह जी ने अपने संदेश में ख्वाजा साहब के 813 में उसके मुबारक मौके पर सभी देशवासियों को मुबारकबाद दी साथी कहां हमारे देश में अमन चैन भाईचारा बना रहे जिस तरीके से ख्वाजा साहब ने सूफी रीजन के माध्यम से आपस में प्यार मोहब्बत की दावत दी हम सबको भी उस पर चलने की जरूरत है हमारा देश दुनिया में अपना नाम रोशन करें।

इस मौके पर राजस्थान आज कमेटी के पूर्व सदस्य मुस्ताक अहमद हाजी मोहम्मद रफी लखनऊ से आए वरिष्ठ पत्रकार परवेज अहमद टोंक से हाफिज अंसार अहमद मोहम्मद आकिफ खान राजिक बैग सूफी बैतुल्लाह मिनाई वजाहत खान सहित अनेक कार्यकर्ता साथ रहें।

रॉयल ग्रुप राजस्थान टीम ने की खाटू श्याम यात्रा

- खाटू श्याम मंदिर के महंत मोहन दास जी महाराज का लिया आशीर्वाद, गृहण किया प्रसाद

चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)। रॉयल ग्रुप राजस्थान की खाटू श्याम यात्रा रॉयल ग्रुप के संस्थापक रविन्द्र चिंडालिया एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय मंढा ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी रॉयल ग्रुप की खाटू श्याम बाबा की यात्रा सभी सदस्यों के साथ की गई इसके तहत खाटू श्याम मंदिर के महंत मोहन दास जी महाराज के द्वारा रॉयल ग्रुप के रक्तदान शिविर में 1,11,101 (एक लाख ग्यार हजार एक सो एक रुपए)की घोषणा की गई थी वह राशि भी समस्त रॉयल ग्रुप के सदस्यों को उनके द्वारा दी गई ग्रुप के द्वारा बाबा के छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया सभी रॉयल ग्रुप के सदस्यों ने महंत जी से आशीर्वाद लिया और उन का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया महाराज के द्वारा रॉयल ग्रुप के सामाजिक कार्यों में आर्थिक सहयोग निरंतर दिया जाता रहा है आप रॉयल ग्रुप के संरक्षक भी हैं।

ख्वाजा गरीब नवाज दरगाह के 813वें उर्स पर कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट की ओर से पेश की गयी चादर

- कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष आबिद कागजी ने पढ़ा पायलट का संदेश

चमकता राजस्थान। जयपुर/ अजमेर:(खलील कुरैशी) ख्वाजा गरीब नवाज के 813वें उर्स के मौके पर रविवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट की ओर से दरगाह में चादर पेश की गई. पायलट की ओर से चादर लेकर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष आबिद कागजी अजमेर पंहुचे. जहां कागजी समेत स्थानीय कांग्रेसी नेताओं ने ख्वाजा गरीब नवाज की मजार पर मखमली चादर पेश कर मुल्क में अमन चैन, भाईचारा, खुशहाली के साथ देश और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने की दुआ की.

आबिद कागजी ने पढ़ा पायलट का संदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष आबिद कागजी ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स के मौके पर हर वर्ष चादर भेजते हैं. इस बार भी पायलट ने ख्वाजा गरीब नवाज के लिए चादर भेजी है. इसको लेकर मैं अजमेर आया हूं. कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सचिन पायलट की ओर से दरगाह में मखमली चादर पेश की. इसके साथ देश में अमन चैन, भाईचारा, खुशहाली की दुआ मांगी गई. साथ ही देश और प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने की दुआ की गई.सचिन पायलट ने यह दिया संदेश:पायलट के इस मौके पर दिए गए संदेश के अनुसार उन्होंने 813वें उर्स के मौके पर जायरीन को मुबारकबाद दी. साथ ही कहा कि यह दरगाह वतन की गंगा जमुनी संस्कृति का प्रतीक है. हजरत ख्वाजा साहब का मुबारक पैगाम प्रेम, सेवा और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का रहा है. हम सब मिलकर ख्वाजा साहब की बारगाह में हाथ उठाकर दुआ करें कि मुल्क के अंदर अमन, शांति और खुशहाली हमेशा बरकरार रहे. अमन के दुश्मनों की तमाम साजिशें नाकाम

एसआई-2021भर्ती रद्द का सवाल, किरोड़ीलाल ने मुंह पर रखी अंगुली:

जमानत पर चल रहे ट्रेनी एसआई के निलंबन पर बोले : हम एकराय है, कोई विरोध नहीं

चमकता राजस्थान

जयपुर। सब इंस्पेक्टर-2021 रद्द करने की मांग को लेकर लगातार बयान दे रहे मंत्री किरोड़ीलाल मीणा आज अचानक इस सवाल पर खामोश हो गए। किरोड़ीलाल मीणा बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से मिलने प्रदेश कार्यालय पहुंचे थे। यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष से मिलने का कारण बताया। जैसे ही उनसे पूछा गया कि क्या आपको लगता है कि एसआई भर्ती परीक्षा रद्द होगी? किरोड़ी ने मुंह पर अंगुली रख ली कि रोड़ी ने कहा- हम एकराय है, कोई विरोध नहीं है। आपस में मिलकर निर्णय होगा। मैं शुरू से ही एसआई भर्ती रद्द करने की मांग करता रहा हूं। यह प्रकरण सरकार के स्तर पर चल रहा है। इसमें सरकार क्या करेगी, मुझे इसकी जानकारी नहीं है।अब किरोड़ीलाल के इस राजनीतिक अंदाज के मायने भी निकाले जा रहे हैं। माना जा रहा है कि किरोड़ीलाल को केंद्रीय नेतृत्व ने पार्टी और सरकार की लाइन के खिलाफ जाकर बोलने से मना किया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले किरोड़ी की दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात हुई थी। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से मुलाकात के बाद किरोड़ीलाल मीणा ने कहा- मुझे प्रदेशाध्यक्ष ने बुलाया था। संगठन के चुनाव चल ही रहे हैं। उसके बारे में जानकारी ली थी। इसके साथ ही अमित शाह से मुलाकात पर किरोड़ीलाल ने कहा कि उनसे विशेष चर्चा हुई है। विशेष चर्चा के बारे में मीडिया को नहीं बताया जा सकता है।

छह दिन पहले कहा था भर्ती रद्द होनी चाहिए

» 30 दिसंबर को जयपुर में ही मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने कहा था कि एसआई भर्ती रद्द होनी चाहिए। उन्होंने कहा था कि जिस एसओजी को भर्ती की जांच दी गई थी, उसने पेपर रद्द करने के लिए कह दिया। पुलिस मुख्यालय, एडवोकेट जनरल और कैबिनेट सब कमेटी ने भी भर्ती रद्द करने की सिफारिश कर दी है। ऐसे में यह भर्ती रद्द होनी ही चाहिए। अब यह तो मुख्यमंत्री के हाथ में है कि वह कब इसको रद्द करेंगे। इतना कुछ होने के बाद भी भर्ती रद्द नहीं होने के सवाल पर किरोड़ी ने कहा था– इसका कारण तो मुख्यमंत्री ही बता सकते हैं। मुझे कारण पता होता तो मैं बता देता।

सांसद राव राजेन्द्र सिंह एवं आलोक बेनीवाल ने लिया रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह में भाग, की हौसला अफजाई

चमकता राजस्थान

शाहपुरा(खलील कुरैशी) । जयपुर ग्रामीण के लोकप्रिय सांसद राव राजेन्द्र सिंह एवं वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल ने त्रिवेणी धाम में प्रदेश माली महासभा एवं जय फुले माली विकास जनसेवा समिति द्वारा सावित्री बाई फुले जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित प्रथम रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तदाताओं को सम्मानित कर उनका हौंसला अफजाई की इसके साथ ही विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण विकास समिति शाहपुरा द्वारा आयोजित गणेश प्रसादी,अतिथि व भामाशाह सम्मान समारोह में शिरकत की। इस मौके पर आलोक बेनीवाल ने अपनी प्रतिक्रिया में आयोजकों द्वारा दिये गए मान सम्मान के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया इस दौरान जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ शाहपुरा नगरपरिषद अध्यक्ष बंशी सैनी, मंजू सैनी सहित अनेक गणमान्य और वरिष्ठ समाजसेवी, जनप्रतिनिधि स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

हेरिटेज किड्स फैशन शो सीजन 2 में रैंप पर उतरे लिटिल किड्स

- स्पेशल वॉक कर बच्चों ने दिया जयपुर को स्वच्छ बनाने का संदेश

चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)। राजधानी जयपुर में रविवार को अजमेर रोड स्थित होटल अमर पैलेस में अनन्य सोच सेवा संस्थान की ओर से बच्चों के फैशन इवेंट हेरिटेज किड्स फैशन शो सीजन 2 का आयोजन किया गया। जिसमें 30 से अधिक क्यूट लिटिल किड्स मॉडल्स ने रैंप वॉक कर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान डांसिंग, सिंगिंग सहित अन्य कई गतिविधियां भी की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत शो की आयोजक अर्चना बैराठी, मुख्य अतिथि नामदेव फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड की डायरेक्टर लतिका तंवर, वीवीआईपी गेस्ट जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता दिनेश गोयल, बसंत बैराठी, चाइल्ड एक्टर अर्विक बैराठी, विपिन बैराठी, अविनाश सहित अन्य अतिथि गणों ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजक अर्चना बैराठी ने बताया कि इस फैशन शो में 2 से 15 साल के बच्चे पार्टिसिपेट किया। फैशन शो के जरिए ऐसे बच्चों को मौका दिया गया, जिनके पैरेंट्स अपने बच्चों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहते है। वहीं, बच्चों ने एक स्पेशल वॉक के माध्यम से पृथ्वी एवं पर्यावरण को बचाने और जयपुर को स्वच्छ बनाए रखने का भी संदेश बड़े ही खूबसूरती से दिया। साथ ही बच्चों ने अपनी मां के साथ जोड़ी बनाकर वॉक की, जिसके द्वारा उन्होंने देश की संस्कृति और सभ्यता को दर्शाया। इसके अलावा स्वच्छ जयपुर सुंदर जयपुर जैसे स्लोगन के साथ सभी दर्शकों को सफाई के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में चाइल्ड एक्टर अर्विक बैराठी बतौर ब्रांड एंबेसडर मौजूद रहे। सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में बॉलीवुड कास्टिंग डायरेक्टर समीर पहाड़िया और वीआईपी गेस्ट के तौर पर फैशन आइकन और ब्यूटी पेजेंट एलीट मिस राजस्थान के फाउंडर गौरव गौड़ मौजूद रहे।

युवा शक्ति से भारत बनेगा विश्व गुरू : विधानसभा अध्यक्ष

चमकता राजस्थान

जयपुर, 5 जनवरी। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी पाली जिले की एक दिवसीय यात्रा पर रहे। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति से भारत विश्व गुरू बनेगा और स्वामी विवेकानन्द व अन्य महापुरूषों के आदर्शा पर चलकर आगे बढेगा।विधानसभा अध्यक्ष देवनानी रविवार को पाली के मंडिया रोड स्थित तारकेश्वर रामेश्वर सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में आयोजित अधिवेशन के उद्घाटन के बाद समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।उन्होंने युवाओ से जुडे कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर प्रदेश में युवाओं की भूमिका के महत्व के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था और युवाओं की भूमिका के बारे बताया। उन्होंने युवाओं से देश को आगे बढाने का आ''ान किया। स्वामी विवेकानन्द के आदर्शो पर चलने के लिये कहा साथ ही, उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही विश्व गुरू बनेगा इसके लिये सहयोग और समन्वय से कार्य किया जाए।

'गिव अप अभियान' का बड़ा असर, 2 महीने में लगभग 7 लाख अपात्र व्यक्तियों के नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटाए गए

अपात्र व्यक्तियों ने 31 जनवरी तक नाम वापस नहीं लिए तो होगा सख्त एक्शन सुमित गोदारा

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी)। अपात्र और सक्षम व्यक्तियों द्वारा खाद्य सुरक्षा योजना में अनुचित तरीके से लाभ उठाने वालों के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करने वाली है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि 'गिव अप अभियान' प्रदेशभर में चलाया जा रहा है। इस अभियान का प्रदेशभर में व्यापक असर हो रहा है। हजारों लोग आगे आकर अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से स्वेच्छा से हटवा रहे है। अपात्र व्यक्तियों को इस योजना के दायरे से बाहर निकाले जाने का कार्य विभाग की ओर से लगातार किया जा रहा है। मंत्री गोदारा ने बताया कि 31 जनवरी तक सक्षम और

वंचित जरूरतमंद लोगों तक खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ पहुंचाना सरकार का मुख्य उद्देश्य

अपात्र परिवारों को इस योजना से अपना नाम हटा लेना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर 31 जनवरी के बाद विभाग की ओर से सख्त एक्शन लिया जाएगा। योजना का अनुचित लाभ लेने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वसूली की कार्रवाई भी की जाएगी। मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 2 माह में लगभग 7 लाख अपात्र व्यक्तियों के नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटाए गए कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि 'गिव अप अभियान' लंबे समय से चल रहा है। प्रदेश के लोग आगे आकर इस अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। प्रदेशभर में लगभग 7 लाख अपात्र व्यक्तियों के नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटाए गए हैं। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से जोड़ने के लिए जनजागृति कार्यक्रमचलाए जा रहे है ताकि लोग आगे आकर योजना का अनुचित लाभ लेना छोड़ें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का उद्देश्य जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराना है। हालांकि कई सक्षम व्यक्तियों के योजना में शामिल होने के कारण पात्र और जरूरतमंद परिवार इस योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने अपात्र व्यक्तियों को योजना से स्वेच्छा से बाहर निकलने का विकल्प दिया है। ऐसे हिस्सा बने इस अभियान के सक्षम और अपात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटाने के लिए स्थानीय उचित मूल्य की दुकान जाना होगा। वहां पर निर्धारित फॉर्म को भरना होगा। दरअसल यह फार्म एक तरह का घोषणा पत्र है जिसके जरिए व्यक्ति द्वारा स्वयं की इच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना के तहत लाभ नहीं लेने की अपील की जाती है। जो परिवार अपात्र हैं या जो सक्षम हैं। उन्हें यह फार्म भरकर जमा कराना है। इसके बाद विभाग की ओर से संबंधित परिवार का नाम योजना से हटा दिया जाएगा। 31 जनवरी 2025 के बाद अगर कोई व्यक्ति अनुचित रूप से लाभ लेते पाए गए तो विभाग की ओर से खाद्यान्न की बाजार कीमत से वसूली की जाएगी। उनके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

अलवर में सर्वाधिक 71932 लोगों के नाम हटाए गए

» खाद्य सुरक्षा में अनुचित लाभ लेने वालों के करीब 7 लाख लोगों के नाम खाद्य सुरक्षा योजना से पिछले 2 माह में हटाए गए। सर्वाधिक 71932 व्यक्तियों के नाम अलवर जिले में हटाए गए। सर्वाधिक नाम हटाने वालों में दूसरे स्थान जयपुर जिला रहा जहां 41806 व्यक्तियों के नाम हटाए गए। तीसरे स्थान पर उदयपुर में 40314 अपात्र लोगों के नाम हटाए गए।

बाड़मेर जिले की थाना शिव पुलिस ने किया घर मे हुई लूट की वारदात का पर्दाफाश

दो मुख्य आरोपी सहित 5 गिरफ्तार, घटना में शामिल गिरफ्तार आरोपी कांस्टेबल सस्पेंड

चमकता राजस्थान

जयपुर/बाड़मेर!(खलील कुरैशी) 5 जनवरी। बाड़मेर जिले के शिव थाना क्षेत्र के रामपुरा कोटड़ा गांव में शुक्रवार को रात के समय घर में घुसकर डरा धमका कर लाखों के गहने व नगदी लूटने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों सहित कुल पांच जनों को गिरफ्तार किया है। जिनमें एक पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल भी है, जिसे निलंबित कर दिया गया है।एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि मामले में पुलिस ने आरोपी जेठाराम भील पुत्र बाबुराम (42) व मदन सिंह राजपुरोहित पुत्र अर्जुन सिंह (32) निवासी लखा, थाना झिंझनियाली जिला जैसलमेर, गजाराम भील

पुत्र बंशी लाल (22) व बंशी लाल भील पुत्र मंगला राम (45) निवासी महाबार थाना सदर बाड़मेर एवं पुलिस लाइन बाड़मेर में तैनात कांस्टेबल जगदीश भील पुत्र चांदा राम (34) निवासी चाडी थाना रामसर को गिरफ्तार किया है। झिंझनियाली थाने का हिस्टीशीटर अभियुक्त जेठाराम भील के विरुद्ध लूट व नकबजनी के 16 प्रकरण, अभियुक्त मदन सिंह के विरूद्ध नकबजनी का 1 प्रकरण तथा थाना सदर के हिस्ट्रीशीटर बंशी लाल के विरुद्ध चोरी व नकबजनी के नौ प्रकरण दर्ज हैं।एसपी मीणा ने बताया कि भावना अहीर निवासी नवसारी गुजरात हाल रामपुरा कोटड़ा ने थाना शिव पर रिपोर्ट दी थी कि 3 जनवरी की रात दो अज्ञात बदमाश रात के समय उनके घर में घुस गए और डरा धमका कर नक- दी व गहने लूट कर ले गए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की सूचना मिलते ही एसपी मीना के निर्देश पर एएसपी जसा राम बोस, सीओ माना राम गर्ग व एसएचओ दिनेश लखावत सहित एमओबी व डीएसटी टीम ने मौके पर पहुंच के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना के खुलासे के लिए विशेष टीमों का गठन कर अज्ञात मुलज़िमों की तलाश शुरु की गई।अनुसंधान के दौरान परिवादी भावना के घर में साथ में रहने वाले संदिग्ध जेठा राम भील, गजाराम भील व खेत मालिक बंशी लाल भील को दस्तयाब कर गहनतापूर्वक पूछताछ करने पर इन्होंने मदनसिंह व कांस्टेबल जगदीश भील के साथ मिल योजना बनाकर वारदात को अंजाम देना बताया। उस रात लूट करने अर्जुनसिंह राजपुरोहित व कांस्टेबल जगदीश भील भावना अहीर के घर में गये थे, जिन्होंने डरा धमका कर लूट की वारदात की।सभी पांचों आरोपियों को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। जिनसे लूट की रकम व गहनों की बरामदगी के लिए पूछताछ की जा रही हैं। पुलिस लाइन बाड़मेर में तैनात कांस्टेबल नम्बर 1010 जगदीश भील को निलंम्बित कर वृताधिकारी रामसर से विभागीय जांच करवायी जा रही है। घटना के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी में एसएचओ दिनेश लखावत, हेड कांस्टेबल बाबूलाल, रामकिशन, कांस्टेबल कुंभाराम, ओमप्रकाश, महिपाल सिंह, जोगाराम, झबर सिंह, दौलत सिंह एवं रेखाराम शामिल थे।

संक्षिप्त समाचार

रावणा राजपूत समाज जयपुर का नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

चमकता राजस्थान। जयपुर। रावणा राजपूत समाज जयपुर के तत्वावधान में हसनपुरा क्षेत्र में नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

विक्रम सिंह पंवार, रूपसिंह गौड़ आयोजन सचिव ने बताया कि रावणा राजपूत समाज जयपुर के संरक्षक नन्द सिंह राजावत अध्यक्ष दिलीप सिंह राजावत के सफल नेतृत्व में रावणा राजपूत समाज कि एकजुटता को दिखाना, समाज के विकास, राजनैतिक प्रक्रियाओं में भागीदारी सुनिश्चित करना पर मंथन किया। अध्यक्ष दिलीप सिंह राजावत ने नन्द सिंह राजावत को समाज के प्रति उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उनका साफा पहनाकर कर सम्मानित किया और सभी समाज बन्धुओं ने एक दूसरे को नव वर्ष कि शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ बन्धुओं का माला पहनाकर कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रहे चौथूसिंह सिसौदिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

वार्ष्णेय स्पोर्ट्स लीग में विजेता सम्मानित

चमकता राजस्थान/जयपुर। श्री वार्ष्णेय वैश्य स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स लीग प्रतियोगिता में विजेताओं को मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियाबास ने पुरस्कृत किया।

क्लब के अध्यक्ष डॉ मुकेश गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में क्रिकेट, बैडमिंटन,कैरम, चैस, रस्साकसी, कबड्डी, म्यूजिकल चेयर,नीबू स्पून रेस आदि गेम कराए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में आपस में मेलजोल बढ़ता है तथा सामाजिक सौहार्द बढ़ता है। इस अवसर पर श्रीमती पदमावती गुप्ता, डॉ विनोद गुप्ता,डॉ अनिल गुप्ता,संजय वार्ष्णेय,विक्रम गुप्ता,विनय गुप्ता,कालीचरण गुप्ता,नीरज वार्ष्णेय,कमल गुप्ता,मुकुल गुप्ता,गिरीश गुप्ता,के पी गुप्ता,आदर्श गुप्ता,केशव गुप्ता,श्रीमती पुष्पा मंगल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

भरतपुर जिला जाटव महासभा समिति ने मनाया नववर्ष मिलन समारोह

चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)। जिला जाटव महासभा समिति भरतपुर का नववर्ष मिलन समारोह समिति के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह फौजी के मुख्य अतिथि में 4 जनवरी 2025 को कलेक्ट्रेट के सामने डॉ भीमराव अम्बेडकर संविधान पार्क में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्म सिंह पटपरा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि धर्म सिंह ने कहा समाज में संगठित रहकर गरीब पिछड़े गरीब लोगो की मदद करके शिक्षा से वंचित लोगों को शिक्षा दिलाने में बल देना है। युवाओं पर जोर देते हुए कहा कि नशा मुक्ति से दूर होकर समाज में व्याप्त कुरीतियों दहेज प्रथा,मृत्युभोज, पर पाबंद लगाना है। जाटव समाज पर होने वाले अत्याचारों के खिलाफ जाटव जिला महासभा समिति तत्परता के साथ अपने कर्तव्यों के साथ निर्वहन करेगी। इस मौके पर फूल सिंह पूर्व पार्षद, दिनेश आठिया, जग्गो वैध, मुंशी ठेकेदार, बनय सिंह पूर्व थानेदार, हरी सिंह गादौली, विजय सिंह झारौटिया, धर्मेंद्र एडवोकेट, मदन मुंशी, सोहन सिंह सरपंच, बदन सरपंच, रणवीर सिंह पूर्व सरपंच, दीपचंद, धर्म सिंह पूर्व डीएसओ, हरिचरन नागर, सुनील कुमार, मछला,तारावती, मीना,लक्ष्मी,गुड्डी, मधु मारी,उर्मिला,गौरी,गीता, लज्जा आदि लोग मौजूद थे।

जार का सदस्यता अभियान मकर संक्रांति से

चमकता राजस्थान

उदयपुर। जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) मकर संक्रांति के साथ ही पंचायत स्तर तक सदस्यता अभियान शुरू करेगा। सदस्यता अभियान के बाद जिलों में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

यह निर्णय रविवार को जार की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष संजय सैनी ने कहा कि पुराने सदस्यों के नवीनीकरण के साथ नए सदस्य भी जोड़े जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी पत्रकार को जोड़ने से पहले उनका बैकग्राउंड, समाज में उनकी छवि देखने के साथ ही वरिष्ठ साथियों की अनुशंसा ली जाए। हमें गुणवत्ता का ध्यान रखना है, भीड़ की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि वरिष्ठ पदाधिकारियों को आवश्यक लगे तो संगठन की रीति-नीति पर खरे नहीं उतरने वाले सदस्यों की सदस्यता स्थगित करने की अनुशंसा प्रदेश को भेजी जा सकती है।

प्रदेश भर में सदस्यता अभियान के संयोजन की जिम्मेदारी संगठन महासचिव भंवर सिंह कछवाहा को दी गई। सदस्यता अभियान के तहत उन्होंने कहा कि उदयपुर जिले में सदस्यता अभियान पूरा हो चुका है। वहां की सूची प्राप्त हो चुकी है। अब जो भी नए सदस्य बनना चाहेंगे तो उदयपुर के वरिष्ठ पदाधिकारी उनकी अनुशंसा प्रदेश को भेज सकते हैं, उन्हें अगले होने वाले चरण में सदस्यता प्रदान करने पर विचार किया जाएगा। संभाग स्तर पर भी संगठन संयोजक का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। नए जिलों में भी इकाई गठन का प्रयास किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने बताया कि जार की ओर से पीआईबी से भी चर्चा की जा रही है। इसके तहत प्रदेश के अधिस्वीकृत पत्रकारों



को पीआईबी में भी क्षेत्रीय स्तर पर मान्यता दिलवाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भी पत्रकार हित के लिए संवेदनशील हैं। उन्होंने मुलाकात के दौरान आरजेएचएस कार्ड भी शीघ्र जारी करने की जानकारी दी है। साथ ही, पत्रकारों के लिए आवासीय भूखण्ड को लेकर भी उन्होंने सकारात्मक रुख दिखाया। उन्होंने कहा कि अधिस्वीकरण के नियमों में भी शिथिलन को लेकर जार की ओर से प्रयास किए जाएंगे।

बैठक में प्रदेश महासचिव सुरेश पारीक ने प्रदेश स्तर पर मार्गदर्शन के लिए संयोजक के रूप में

- **जिले से लेकर पंचायत स्तर तक चलेगा अभियान**
- **डिजिटल मीडिया विंग, नए जिलों में इकाई का भी प्रस्ताव पारित**
- **सर्वसम्मति से राकेश शर्मा प्रदेश संयोजक, सुभाष शर्मा सह संयोजक मनोनीत**
- **पीआईबी में भी क्षेत्रीय पंजीकरण के लिए होगा प्रयास**

राकेश कुमार शर्मा व सह संयोजक के रूप में सुभाष शर्मा का मनोनयन करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी ने सर्वसम्मति से पारित किया। प्रदेश सचिव राजेश वर्मा ने जिला स्तर पर जार कार्यालयों के लिए सरकार के स्तर से अनुमति के प्रयास करने का प्रस्ताव रखा।

प्रदेश सचिव दीपक लवानिया ने कार्यक्रमों के कवरेज के दौरान पत्रकारों से अभद्रता पर राज्यव्यापी अभियान की आवश्यकता जताई तो प्रदेश कोषाध्यक्ष कौशल मूंदड़ा ने डिजिटल मीडिया व यूट्यूब के माध्यम से वीडियो पत्रकारिता करने वाले साथियों के लिए वरिष्ठों के मार्गदर्शन में अलग विंग का प्रस्ताव रखा। अलग-अलग स्थानों से जनहित की खबरों पर भी पत्रकारों पर आरोप-प्रत्यारोप जैसी परिस्थितियों पर भी बैठक में गहन चर्चा हुई और इस विषय में प्रदेश स्तरीय कार्ययोजना बनाकर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करवाने की दिशा में कदम बढ़ाने का निर्णय किया गया।

बैठक में जार के प्रदेश पदाधिकारी ओम चतुर्वेदी, लेशिश जैन, नानालाल आचार्य, विवेक वैष्णव, राकेश शर्मा 'राजदीप', मनोज जैन, दीपांकुर चौहान, प्रवीण कोठारी, पीके बसेन्द्रा, कमल टेलर, भूपेन्द्र ओझा आदि उपस्थित थे।

धौलपुर अभिभाषक संघ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

चमकता राजस्थान । धौलपुर रामदास तरुण। धौलपुर। अभिभाषक संघ की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीशचंद के मुख्य आतिथ्य में हुंडावाल मैरिज गार्डन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष प्रशांत हुंडावाल के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद गुर्जर, उपाध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, महासचिव विशाल शर्मा, ऑडिटर नरेशचंद्र, संयुक्त सचिव पुष्पेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, पुस्तकालय सचिव चंद्रशेखर ने शपथ ग्रहण की। जिला न्यायाधीश सतीशचंद ने शपथ ग्रहण के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह कार्यकारिणी युवाओं से भरी हुई है, जो वरिष्ठ अधिवक्ताओं के अनुभव का लाभ लेकर बार और बेंच के बीच मधुर संबंध स्थापित करेंगी। उन्होंने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से अपील की कि वे पारदर्शिता और स्पष्टता के साथ अपने दायित्वों का निर्वाह करें। नए अध्यक्ष प्रशांत हुंडावाल ने अपने संबोधन में कहा कि वह वरिष्ठ अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन में युवा अधिवक्ताओं को साथ लेकर अधिवक्ताओं के हित के लिए सदैव संघर्ष करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे और बार-बेंच की गरिमा बनाए रखेंगे। निवर्तमान अध्यक्ष नीरज शर्मा और एमएसीटी जज प्रीति नायक ने भी अपने विचार प्रकट किए। मुख्य चुनाव अधिकारी महेंद्र सिंह गुर्जर ने चुनाव में सहयोग देने के लिए अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस समारोह में एमएसीटी जज प्रीति नायक, विशिष्ट न्यायाधीश नमृता पारीक, एडीजे सावित्री आनंद निर्भीक, एसीजेएम भीमसिंह मीणा, एडीएम धीरेंद्र सोनी, एसीबी के पुलिस उप अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह, और अन्य न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। मंच का संचालन अतुल कुमार भार्गव ने किया और कार्यक्रम के अंत में महासचिव विशाल शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

किसान संघ के तहसील अध्यक्ष बनने पर जांगिड़ का समाज द्वारा स्वागत

चमकता राजस्थान

रघुनंदन पारीक श्रीनगर। अजमेर/नसीराबाद। श्रीनगर आज दिनांक 5-1-2025 को बालाजी की बगीची बस स्टैंड श्रीनगर पर जांगिड़ ब्राह्मण शाखा सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्व प्रथम सत्यनारायण जी जांगिड़ को किसान संघ का श्रीनगर तहसील अध्यक्ष की नियुक्ती पर हर्ष के साथ माला साफा से स्वागत किया गया। स्कूल में पदोन्नत राजेश जी जांगिड़ अजमेर व नन्द

किशोर जी नागल फोजी साहब श्रीनगर का स्वागत किया गया। इसी क्रम में नसीराबाद शाखा सभा अध्यक्ष रमेश चन्द्र सीलक व अजमेर ग्रामीण शाखा अध्यक्ष श्याम जी जांगिड़ गगवाना व पूर्व अध्यक्ष रामदयाल जी नागल का स्वागत किया गया।व सर्वसम्मति से शाखा सभा अध्यक्ष सतीश चन्द्र जी तामडोलिया भूणाबाय को भावी जिलाध्यक्ष उम्मीदवार के रूप में समर्थन दिया गया व माला साफा से स्वागत किया गया सभी उपस्थित जांगिड़ बन्धुओं ने भारी जोश के साथ समर्थन देते हुए सतीश जी जांगिड़ को आशीर्वाद प्रदान किया गया। समर्थन में कासीर से कल्याण जी, श्याम जी जांगिड़ गगवाना, रमेश चन्द्र सीलक, रामदयाल जी नागल, महावीर जी भून्दड, महावीर जी कानपुरा, रामप्रसाद जी जगदीश जी नन्द किशोर जी श्रीनगर,केलाश जी भून्दड, मिठ्ठू जी तिहारी, रतन जी तिलाना, जगदीश जी दायमा, करमचंद जी शिवराज जी धनराज जी तिहारी, दीपक बाबा आदि उपस्थित थे अन्त में पोष बडा का भगवान को भोग लगाकर सभी ने आनन्द लिया। तत्पश्चात सभा का समापन किया जय श्री विश्वकर्मा जी*

पुलिस ने चौपाल लगाकर ,आमजन को दी सायबर क्राइम से बचाव की जानकारी

चमकता राजस्थान /रमेश मोदी

चौमहला/झालावाड़। प्रदेश में लगातार बढ़ रहे सायबर क्राइम ,व सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने हेतु मुख्यमंत्री व डी जी पी के आदेश की पालना में जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सम्पूर्ण जिले में प्रत्येक थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है जो कि पूरे जनवरी माह चलेगा , इसी क्रम में आज शाम गंगधार थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी ने मय जाप्ते के साथ कस्बे के मुख्य

चौराहे झंडा चौक पर चौपाल लगाकर आमजन को सायबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी , व सायबर क्राइम का शिकार होते ही 24 घंटे के अंदर सायबर हेल्प लाइन 1930 पर सूचना दे ,जिससे आपके साथ हुई ठगी पर रोक लगाकर अपराधी के खाते को सीज कर ,आपकी गई राशि वापस लाने की प्रकिया शुरू की जा सके ,इसके साथ ही थाना प्रभारी ने आमजन को राजकोट सिटीजन एप को मौके पर ही डाउनलोड करवाया ,और सभी से अपील की आप अपने मित्रों ,परिजनों , बच्चों ,व महिलाओं को भी यह एप उनके मोबाइल में इंस्टाल करवाये ,जिससे महिलाओं ,बच्चों व आमजन सभी को किसी दुर्घटना ,या किसी मुसीबत में , महिलाओं को तुरंत पुलिस की सहायता मिल सके , सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सभी नागरिको को हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाने व चार पहिया चालको को सीट बेल्ट लगाने के लिए समझाया इस से आपके जीवन की रक्षा हो सकेगी ,बिना हेलमेट व सीट बेल्ट का चालान अब 1000 रुपये कर दिया है इसकी जानकारी दी ,अपनी व अपने परिवार के लिए सड़क सुरक्षा के नियमो का पालन करे ।बिना हेलमेट चालको को रोककर उनको गुलाब के फूल भेंट कर हेलमेट लगाने के निर्देशित किया ।

संक्षिप्त खबरें

राजाखेड़ा में योग प्रशिक्षण से मिल रहा स्वास्थ्य लाभ

चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण/राजाखेड़ा। पंचायत परिसर स्थित दीनदयाल उपाध्याय योग शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित पंद्रह दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम पिछले चार दिनों से चल रहा है, जो स्थानीय समुदाय के लिए अत्यधिक लाभकारी साबित हो रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों को योग, आसन, प्राणायाम और योग के अन्य तकनीकी पहलुओं के बारे में गहन जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम का उद्देश्य योग को एक जीवनशैली के रूप में प्रस्तुत करना है, ताकि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हो सके और आध्यात्मिक उन्नति भी संभव हो। इस अवसर पर दीनदयाल योग प्रशिक्षण संस्थान के जिला समंव्यक मनीष शर्मा ने योग के महत्व पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के समग्र विकास के लिए भी एक आवश्यक अंग है। शर्मा ने यह भी बताया कि योग के माध्यम से समाज में शांति और समृद्धि का संचार संभव है, क्योंकि यह हमें न केवल शारीरिक रूप से, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनाता है।कार्यक्रम के दौरान योग शिक्षक मनोज कुमार ने प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न योगाभ्यासों के बारे में विस्तार से समझाया और बताया कि योग से न केवल रोगों से बचाव संभव है, बल्कि यह हमारे जीवन को संतुलित और शांतिपूर्ण बनाता है। नियमित योगाभ्यास से जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं और यह तनाव को कम करने में भी मदद करता है। इस प्रकार के योग प्रशिक्षण कार्यक्रम से न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, बल्कि यह समुदाय की सामूहिक भलाई में भी योगदान दे रहा है। दीनदयाल उपाध्याय योग शिक्षण संस्थान के इस प्रयास से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर इसके लाभों का अधिकतम उपयोग करें।

धौलपुर में अग्रवाल महिला महासमिति के पांच पदों के लिए सर्वसम्मति से निर्वाचन संपन्न

चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण। धौलपुर जिले में अग्रवाल महिला महासमिति के चुनाव रविवार को अग्रवाल सेवा सदन में बड़े धूमधाम से आयोजित किए गए। इस निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं ने भारी उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। सभी पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से और सर्वसम्मति से संपन्न हुई, जिसमें किसी भी पद के लिए कोई चुनावी प्रतिद्वंद्विता नहीं रही। चुनाव के परिणामस्वरूप निम्नलिखित महिलाओं को निर्विरोध रूप से चुना गया: 1. अध्यक्ष पद परः सरोज मंगल बाड़ी को चुना गया, जिन्होंने इस पद को लेकर संगठन के विकास और महिला सशक्तिकरण के लिए अपना समर्पण व्यक्त किया। 2. वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद परः प्रियंका बंसल मनियां को चुना गया, जो संगठन की नीतियों के पालन और उसके कार्यों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगी। 3. उपाध्यक्ष पद परः मिथलेश गर्ग बसेड़ी को चुना गया, जो महिलाओं के बीच सामूहिक विकास और संगठन के उद्देश्यों को साकार करने में अहम भूमिका निभाएंगी। 4. महामंत्री पद परः नीतू सिंघल बाड़ी को चुना गया, जिनकी जिम्मेदारी संगठन की सभी कार्यवाहियों को व्यवस्थित और प्रभावी तरीके से चलाने की होगी। 5. कोषाध्यक्ष पद परः पूनम मित्तल तसीमों को चुना गया, जो संगठन की वित्तीय योजनाओं और कार्यों का सही तरीके से संचालन सुनिश्चित करेंगी। इस चुनाव के परिणामस्वरूप, अग्रवाल महिला महासमिति को एक नई दिशा मिलेगी और संगठन के कार्यों में और अधिक सफलता की संभावना है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके नए कार्यों के लिए बधाई दी गई और उन्हें आगामी कार्यों में सफलता की शुभकामनाएं दी गईं।

गुरुकुल परम्परा को आत्मसात कर हम फिर से बनेंगे विश्व गुरु : मोहन

स्कूल शिक्षा मंत्री ने विदेश यात्रा दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

उज्जैन। एजेंसी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाने वाला गुरु ही होता है। गुरु अपने विद्यार्थी में निहित अनंत संभावनाओं को पहचान कर इसका चारित्रिक एवं शैक्षणिक विकास करते हैं। हमारी पुरातन गुरुकुल परम्परा आज भी प्रासंगिक है। आज कई विकसित देश हमारी पुरानी गुरुकुल परम्परा को अपनाकर अपने बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। हमें भी पुनः उसी गुरुकुल परम्परा से जुड़ना होगा, तभी हमारा देश फिर से विश्व गुरु बन सकेगा।

हम प्रदेश में क्लास के अंदर और क्लास के बाहर भी विद्यार्थियों को जीवन एवं नैतिक मूल्य तथा व्यावहारिक शिक्षा देकर उनके समग्र विकास की ओर बढ़ रहे हैं। मजबूत इरादों और शैक्षणिक गुणवत्ता में आमूल-चूल सुधार लाकर हम प्रदेश को शिक्षा के मामले में देश का एक मॉडल एजुकेशन स्टेट बनाएंगे। इसमें शिक्षकों की बड़ी अहम भूमिका है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी से वर्चुअली जुड़कर स्टार्स प्रोजेक्ट के तहत अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए सिंगापुर जाने वाले चयनित शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षक हमारे लिए सदैव पूजनीय हैं, हम विकसित भारत और विकसित मध्य प्रदेश के निर्माण में उनकी अनंत क्षमताओं और सुदीर्घ अनुभवों का प्रदेश के शैक्षणिक विकास एवं विस्तार में अधिकतम सदुपयोग करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षणिक परिदृश्य में हमारा इतिहास समृद्ध रहा है। नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशिला विश्वविद्यालयों एवं उज्जैन के सांदीपनी आश्रम सहित अन्य विश्वविख्यात शैक्षणिक संस्थाओं ने तत्कालीन समय में उच्चकोटि की शिक्षा देकर राष्ट्र को उपकृत किया। तत्समय गुरुओं में अपने विद्यार्थियों के कला-कौशल को पहचनाने की। एक दृष्टि होती थी, यही कारण था कि भगवान श्रीराम-लक्ष्मण और श्रीकृष्ण ने भी अपने गुरुओं से ही शिक्षा-दीक्षा ली।

उन्होंने कहा कि हम आज के शिक्षकों में भी गुरु की वही दृष्टि विकसित करना चाहते हैं। सिंगापुर भ्रमण के लिए चयनित शिक्षक इस अवसर को भलीभांति समझें, पढ़ाने की नई-नई तकनीकें सीखें और लौटकर प्रदेश के विद्यार्थियों को उन तकनीकों का लाभ दिलाएं, जिससे वे अपने शैक्षणिक एवं चारित्रिक प्रदर्शन में अव्वल आएं। उन्होंने कहा कि चयनित शिक्षक विदेशी अध्ययन कराने की अच्छाइयों को सीखे, साथ ही अपने देश की अच्छाइयों को भी विश्व में बांटे, ताकि विविध शैक्षणिक संस्कृतियों एवं नवाचारों का आदान-प्रदान हो सके।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने लिया कथा वाचक आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी का आशीर्वाद

चमकता राजस्थान

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विद्याधर नगर में गिर्राज संघ परिवार विश्वकर्मा द्वारा आयोजित 108 विशाल श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन आस्था से परिपूर्ण यह आयोजन क्षेत्रवासियों को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने और जीवन में सद्गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है तथा समाज में धार्मिकता और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रसार करता है।

राज्य सरकार को जल्द से जल्द RSLDC का गठन करना चाहिए : गहलोत

चमकता राजस्थान

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को महात्मा गांधी अस्पताल, जोधपुर में कुशलक्षेम जानने के लिए विजिट की। इस दौरान वहां पर तमाम मरीजों के अटेंडेंट्स एवं अस्पताल के कर्मचारियों से मुलाकात की ।

उन्होंने बताया कि यहां ठेकाकर्मियों ने राज्य सरकार द्वारा अभी तक RSLDC का गठन कर उन्हें ठेका प्रथा से दूर ना करने पर नाराजगी जताई। हमारी सरकार के दौरान ठेका प्रथा को खत्म करने के लिए REXCO की तर्ज़ पर RSLDC के गठन की घोषणा की थी परन्तु नई सरकार ने इसका काम रोक दिया है।

राज्य सरकार को इन अल्प आय वर्ग के कार्मिकों को शोषण से बचाने के लिए जल्द से जल्द RSLDC का गठन करना चाहिए।

पाकिस्तान में बलूचिस्तान के तुरबत में विस्फोट, चार की मौत, 32 घायल

इस्लामाबाद। एजेंसी

पाकिस्तान में बलूचिस्तान के तुरबत शहर में शनिवार को हुए विस्फोट में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 32 अन्य घायल हो गए। इनमें से पांच की हालत गंभीर है। घायलों में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और उनके परिवार के छह सदस्य भी शामिल हैं। प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

जियो न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, हाथ लगे एक सीसीटीवी फुटेज में सड़क पर कई वाहन चल रहे हैं और अचानक हुए विस्फोट के बाद एक चलती यात्री बस में आग लग गई। पुलिस ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (अपराध शाखा) जोहैब मोहसिन व उनके परिवार के छह सदस्य भी घायल हो गए। जब विस्फोट हुआ तब मोहसिन और उनका परिवार इलाके से गुजर रहा था।

सुरक्षा बलों के मुताबिक, प्रतिबंधित आतंकी संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। मृतकों की पहचान नूर खान, अब्दुल वहाब, इजाज और लियाकत अली के रूप में की गई है। चारों नागरिक बलूचिस्तान के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले थे। सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि बीएलए ने एक साल में 100 से अधिक निर्दोष बलूच नागरिकों की जान ली है।

राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने विस्फोट में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए घटना की निंदा की। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी शोक व्यक्त किया है। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने तुरबत विस्फोट की कड़ी निंदा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्दोष लोगों को निशाना बनाना क्रूर और बर्बर कृत्य है। सिंध के गवर्नर कामरान टेसोरी ने भी तुरबत में हुए विस्फोट की निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादी निर्दोष नागरिकों के जीवन के दुश्मन हैं।

हिमाचल में स्कूलों और कॉलेजों में रील-वीडियो बनाने पर पाबंदी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के स्कूलों और कॉलेजों में गैर-शैक्षणिक वीडियो और रील बनाने पर रोक लगा दी गई है। उच्च शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में सभी स्कूलों और कॉलेजों के प्रिंसिपलों को सख्त निर्देश जारी किए। यह निर्णय शिक्षण संस्थानों में अनुशासन बनाए रखने और विद्यार्थियों के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत कुमार शर्मा ने बताया कि शिक्षण संस्थानों में ध्यान भटकाने वाली गतिविधियों पर रोक लगाने और शैक्षणिक फोकस बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रिंसिपलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे शिक्षकों, गैर-शिक्षकों और छात्रों पर नजर रखें, ताकि वे अनावश्यक सोशल मीडिया गतिविधियों में शामिल न हों। निदेशालय ने साफ किया है कि निदेशों का उल्लंघन करने वाले शिक्षकों और गैर-शिक्षक कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। निदेशालय को शिक्षकों और कर्मचारियों के स्कूल समय में गैर-शैक्षणिक सामग्री बनाने और उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

बदमाशों ने सरपंच के घर पर किया पथराव

फतेहाबाद। जिले के जाखल क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ आमजन द्वारा चलाई जा रही मुहिम से ऐसे धंधे से जुड़े लोग भडके हुए है। शनिवार देर रात भी कुछ बदमाशों ने जाखल के सरपंच के घर पर पथराव कर दिया। यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई, जिसमें 5-6 लोग सरपंच के घर पर पथराव करते नजर आ रहे हैं। नशा तस्करों के खिलाफ मुहिम की अगुवाई स्वयं सरपंच कर रहे हैं, ऐसे में संदेह जताया जा रहा है कि नशा तस्करों से जुड़े बदमाशों ने ही पथराव कर सरपंच को डराने की कोशिश की है। इस घटना से क्षेत्र के लोगों में भी काफी रोष है। जाखल गांव के सरपंच अर्जुन सिंह ने बताया कि दिसम्बर महीने में क्षेत्र को नशामुक्त करने को लेकर उन्होंने आम लोगों को साथ लेकर ऐसे धंधे से जुड़े लोगों के खिलाफ मुहिम शुरू की थी। तब पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया था।

पत्रकार मुकेश हत्याकांड : दोषियों को बख्शा नही जाएगा : साय

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की नृशंस हत्या की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस हत्याकांड में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने रविवार को गरियाबंद के दौरे पर रवाना होने से पहले पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस मयंक गुर्जर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। फारेंसिक टीम साइंटिफिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना की जांच कर रही है। अब तक तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है और उनके द्वारा किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आरोपितों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के निर्देश दिए गए हैं। हमारी सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाएगी और पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पत्रकारों की स्वतंत्रता और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व है।

हरिद्वार नगर निगम में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने जा रही है: त्रिवेंद्र

हरिद्वार। एजेंसी

भाजपा मेयर प्रत्याशी किरण जैसल के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन विधिवत पूजन हवन कर किया गया। पूजन हवन के उपरांत आयोजित जनसभा में हरिद्वार लोकसभा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच कर विशाल जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की लहर है। कांग्रेस के नेता लगातार भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

उन्होंने कार्यकताओं से आवाहन किया कि सभी भाजपा प्रत्याशियों को इतने भारी बहुमत से जिताए कि पिछले नगर निगम चुनाव के सभी परिणाम ध्वस्त हो जाए। पिछले सालों में जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार ने विकास कार्य किए हैं और आम जनमानस को लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। यह आप सबके सामने हैं। यह डबल इंजन की सरकार आपके आशीर्वाद से अगर ट्रिपल इंजन की हो गई तो हरिद्वार का विकास अभूतपूर्व होगा। स्थानीय विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि किरण जैसल की विजय के पश्चात हरिद्वार भी कांग्रेस मुक्त होगा। नगर निगम का जो विकास पिछले पांच सालो में अवरुद्ध हुआ है उसे नई गति मिलेगी। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि जिस प्रकार पूर्व में भी जनता ने विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में अपना पूर्ण बहुमत देकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में माहौल बनाया है।

सफर काठमांडू-यूएई की तुलना में बागडोगरा-यूएई का हवाई किराया करीब 20 से 35 हजार रुपये सस्ता

हवाई सफर महंगा : स्थानीय पर्यटकों और श्रमिकों की भारतीय एयरपोर्ट पर भीड़

- वर्तमान में भी हर दिन 1,500 नेपाली रोजगार के लिए विदेश जा रहे हैं

काठमांडू। एजेंसी

नेपाल में अंतरराष्ट्रीय हवाई किराया अत्यधिक अधिक होने के कारण पर्यटक और श्रमिक के रूप में तीसरे देशों में जाने वाले नेपाली नागरिक आजकल भारत के विभिन्न विमानस्थलों का प्रयोग करने को बाध्य हैं। नेपाल से तीसरे देश में पर्यटकों को भेजने वाली विभिन्न ट्रैवल एजेंसियां और श्रमिकों को भेजने वाली मैनपावर कंपनियां अपने ग्राहकों को पहले भारत और फिर वहां से हवाई मार्गों के जरिए से उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचा रही हैं।

काठमांडू-यूएई का एक तरफ का हवाई किराया इस समय नेपाली करेंसी में 55 हजार से 75 हजार रुपये तक है। नेपाली सीमा से सबसे करीब पश्चिम बंगाल के बागडोगरा विमानस्थल से यूएई का किराया नेपाली करेंसी में सिर्फ 35 से 40 हजार के बीच ही है। यानी काठमांडू-यूएई की तुलना में बागडोगरा-यूएई का हवाई किराया करीब 20 से 35 हजार रुपये सस्ता है। काठमांडू से कतर के दोहा तक जाने में 80,000 नेपाली रुपये से अधिक का खर्च आता है। भारत के बागडोगरा से यह खर्च केवल 50,000 रुपये आता है। काठमांडू से बैंकाक का किराया 35 हजार से 40 हजार रुपये के बीच है। दिल्ली से बैंकाक का किराया महज 16 से 20 हजार रुपये के बीच है।

एक ट्रैवल एजेंसी के अनुसार, भारत से बैंकाक, मलेशिया, मॉरीशस, सऊदी अरब, कतर, लेबनान, ओमान और बहरीन सहित खाड़ी देशों में जाना सस्ता है। नेपाल की तुलना में बागडोगरा हो या दिल्ली, इन देशों में जाने पर हवाई किराया 12 से 35 हजार रुपये सस्ता है। नेपाल से निकटतम भारतीय हवाई अड्डा पश्चिम बंगाल का बागडोगरा है। इस एयरपोर्ट पर नेपाली कामगारों की काफी आवाजाही रहती है। काठमांडू में स्थित मैनपावर ऑपरेटर संजय सुबेदी ने कहा कि पिछले तीन महीने में सिर्फ बागडोगरा एयरपोर्ट से हफ्ते में लगभग 200 श्रमिकों को खाड़ी देशों में भेजा गया।

इसके अलावा भारतीय एयरपोर्ट का उपयोग करने के पीछे का प्रमुख कारण अब बिना नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) के यात्रा की अनुमति देना भी है। पहले किसी भी नेपाली नागरिकों को भारतीय एयरपोर्ट का प्रयोग कर तीसरे देश की उड़ान भरने के लिए नेपाली दूतावास से एनओसी लेना आवश्यक होता था। नेपाल सरकार ने तीन पहले पहले इसकी अनिवार्यता को समाप्त कर दिया था। नेपाल फॉरेन एम्प्लॉयमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र भंडारी के मुताबिक, किराया अधिक होने के कारण पर्यटक और मजदूर भारतीय रास्ते से खाड़ी देशों में जाना अधिक पसंद कर रहे हैं। जब तक नेपाल सरकार हवाई टिकट के महंगे मूल्य को नियंत्रित नहीं करती तब तक लोग नेपाल छोड़ कर भारतीय एयरपोर्ट से विदेश जाते रहेंगे। भंडारी का अनुमान है कि पिछले तीन महीनों में कम से कम 15,000 नेपाली श्रमिकों ने विदेशी रोजगार के लिए भारतीय हवाई अड्डों का उपयोग किया है। वर्तमान में भी हर दिन 1,500 नेपाली रोजगार के लिए विदेश जा रहे हैं।

कोरिडोर पर सीएम व नगर विधायक फैला रहे भ्रम : माहरा

हरिद्वार। एजेंसी

निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस का मुख्य चुनाव कार्यालय रोड धर्मशाला में खोला गया। कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस ने चुनाव कार्यालय उद्घाटन को शक्ति प्रदर्शन बना दिया। सभी बड़े नेता एक मंच पर नजर आए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि जहां जहां चुनाव हो रहे हैं वहां वहां जनता का समर्थन मिल रहा है। मुख्यमंत्री कॉरिडोर पर भ्रम बना रहे हैं। स्थानीय विधायक और मुख्यमंत्री के बयान में फर्क है। कांग्रेस व्यापारियों के साथ है। संगठन मजबूत है और कांग्रेस प्रत्याशी जीतेंगी। बीजेपी सरकारें तोड़ने का कार्य करती हैं। बीजेपी अपने झगड़े संभाले। सांसद अपनी ही सरकार के खिलाफ खनन का मामला संसद में उठाता है और सरकार को कठघरे में खड़ा करते हैं। पिछली मेयर को सरकार ने बहुत परेशान किया फिर भी उन्होंने पांच वर्ष बहुत बढ़िया से जनता की सेवा में निकाले।

संक्षिप्त खबरें

सब जूनियर और कैडेट जूडो चैंपियनशिप में मुरादाबाद के चार खिलाड़ी चयनित

मुरादाबाद। मुरादाबाद निवासी जूडो के अंतरराष्ट्रीय रैफरी संजय गिरि ने रविवार को बताया कि भारतीय जूडो महासंघ के तत्वावधान में 18 जनवरी से 25 जनवरी तक सब जूनियर और कैडेट जूडो चैंपियनशिप में मुरादाबाद के सब जूनियर खिलाड़ियों मनमीत सिंह व पार्थ कुमार और कैडेट टीम में आदित्य व वंश कुमार का चयन हुआ है। संजय गिरि ने आगे बताया कि सब जूनियर और कैडेट जूडो चैंपियनशिप का आयोजन महाराष्ट्र में किया जा रहा है। इसमें प्रतिभाग करने के लिए यूपी जूडो एसोसिएशन ने रविवार को इंडियन पैरा जूडो एकेडमी में यूपी की सब जूनियर और कैडेट जूडो टीम का चयन किया। टीम में मुरादाबाद के सब जूनियर खिलाड़ियों मनमीत सिंह व पार्थ कुमार और कैडेट टीम में आदित्य व वंश कुमार भाग प्रतिभाग करेंगे।

बंगाल की खाड़ी में 150 किमी की तैराकी के लिए गोली श्यामला की सराहना

हैदराबाद। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के समरलाकोटा की मूल निवासी व तैराक गोली श्यामला को बंगाल की खाड़ी में लगभग 150 किलोमीटर की तैराकी करने की असाधारण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है। गौरतलब है कि श्यामला ने विशाखापत्तनम से काकीनाडा तक की यह असाधारण यात्रा एक सप्ताह में पूरी की। टेलीफोन पर बातचीत में श्री दत्तात्रेय ने उनकी बहादुरी और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की और उन्हें सभी उम्र के लोगों के लिए एक प्रेरणा तथा रोल मॉडल बताया। उन्होंने समुद्र में तैराकी के प्रति उनके जुनून पर प्रकाश डाला, जो एक शौक के रूप में शुरू हुआ था और बाधाओं को तोड़ने तथा यह साबित करने के लिए उनकी सराहना की कि साहसिक कार्य के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है।

रोहित ने खेल छात्रावास भवन का किया उद्घाटन

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने रविवार को अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुब्बल के खेल छात्रावास के नव निर्मित भवन का उद्घाटन किया। श्री ठाकुर ने बताया कि दो करोड़ 27 लाख की लागत से निर्मित इस भवन के बनने से खिलाड़ी छात्राओं को और अधिक बेहतर खेल सुविधाएं मिले सकेंगी। इस छात्रावास में वॉलीबॉल के अतिरिक्त अब कबड्डी और बेडमिंटन खेल की मंजूरी भी दी गई है, जिससे कि छात्राओं को और अधिक अवसर मिलेंगे और और स्थानीय खिलाडियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं घरद्वार पर ही मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि इस खेल छात्रावास के भवन की आधारशिला 20 जुलाई 2016 को रखी गई थी जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार में वह मुख्य संसदीय सचिव थे।

भारतीय सेना में पदस्थ मुरादाबाद के बनवीर सिंह ने युवा चौम्पियनशीप में जीता गोल्ड मेडल

मुरादाबाद। भारतीय सेना में पदस्थ मुरादाबाद की कांठ तहसील क्षेत्र के गांव शेखूपुरा इंतजामअली खां निवासी फौजी बनवीर सिंह ने नेपाल में हुई दक्षिण एशियाई अंतरराष्ट्रीय युवा चैम्पियनशीप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 2 व 3 जनवरी को नेपाल में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय युवा चैंपियनशिप में फौजी बनवीर सिंह ने डिसकस थ्रो में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने कोच रनदीप सिंह के साथ ही कर्नल सुधीर गुलिया को दिया है। इस प्रतियोगिता में जहां बनवीर सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है तो वहीं हरियाणा के खिलाड़ी ने द्वितीय और नेपाल के खिलाड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। बनवीर सिंह 10 साल से भारतीय सेना में कार्यरत हैं और वर्तमान समय में उनकी तैनाती दिल्ली में है। इससे पहले भी वह कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मेडल जीतकर अपने क्षेत्र, परिवार का नाम रोशन कर चुके हैं।

भारत को हराकर ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल में

सिडनी। एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में खेले गए पांचवें एवं अंतिम टेस्ट मैच में रविवार को भारतीय टीम को 6 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम ने मेजबानों के सामने 162 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट खोकर 162 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। इस हार के साथ भारतीय टीम ने पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज 3-1 से गंवा दी है।

साथ ही भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की दौड़ से भी बाहर हो गई है। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने यह सीरीज अपने नाम करते ही लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बना ली है। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही फाइनल के क्वालीफाई कर चुकी है। डब्ल्यूटीसी का खिताबी मुकाबला जून में लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा।

इस महत्वपूर्ण मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और पहली पारी में 185 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 181 रन पर समाप्त हुई थी। इससे भारतीय टीम को दूसरी पारी में चार रन की बढ़त मिली। फिर भारतीय टीम की दूसरी पारी 157 रन पर सिमट गई और कुल 161 रन की बढ़त हासिल की। इस तरह ऑस्ट्रेलिया को 162 रन का लक्ष्य मिला। इसके बाद दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाकर मैच छह विकेट से जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को सिडनी टेस्ट के बाद प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि भारतीय तेज गेंदबाद जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्होंने सीरीज में कुल 32 विकेट लिए।

162 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने तेज शुरूआत की। सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास ने 17 गेंदों में 22 रन बनाए। उस्मान ख्वाजा ने 41 रन की पारी खेली।

सिडनी टेस्ट में हार के बाद बुमराह ने इंजरी पर की बात

सिडनी। एजेंसी

सिडनी टेस्ट में भारतीय टीम की हार के साथ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 सीरीज का समापन हो गया। पांच मैचों की सीरीज को ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से अपने नाम किया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने 10 साल बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस महत्वपूर्ण मैच में भारतीय टीम की कप्तानी करने वाले जसप्रीत बुमराह को बैक स्पाज्म हुआ, जिसके बाद वह दूसरी पारी में गेंदबाजी के लिए मैदान पर नहीं आ सके। अब मैच गंवाने के बाद बुमराह ने अपनी इंजरी और टीम की हार पर बात की। मैच के बाद बात करते हुए बुमराह ने कहा कि थोड़ा निराशाजनक है, लेकिन कभी-कभी आपको अपने शरीर का सम्मान करना पड़ता है, आप अपने शरीर से नहीं लड़ सकते।

निराशाजनक, शायद सीरीज के सबसे स्पाइसी विकेट पर चूक गए। पहली पारी में अपने दूसरे स्पेल के दौरान थोड़ी असहजता महसूस हुई। बातचीत विश्वास के बारे में थी। बाकी गेंदबाजों ने पहली पारी में अच्छा प्रदर्शन किया। एक गेंदबाज कम होने के कारण, बाकियों को जिम्मेदारी लेनी पड़ी। आज सुबह की बातचीत भी इसी बात पर थी, विश्वास रखने और चरित्र दिखाने के बारे में। बुमराह ने आगे सीरीज के बारे में बात करते हुए कहा कि बहुत सारे अगर-मगर, पूरी सीरीज कड़ी टक्कर वाली थी। हम आज भी खेल में थे, ऐसा नहीं कि हम इससे बाहर थे, टेस्ट क्रिकेट ऐसे ही चलता है। लंबे समय तक खेल में बने रहना, दबाव बनाना, दबाव को झेलना और स्थिति के हिसाब से खेलना सभी महत्वपूर्ण है। आपको परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना होगा और ये

सीख भविष्य में हमारी मदद करेगी। युवा खिलाड़ियों पर बात करते हुए बुमराह ने कहा कि उन्होंने (युवाओं ने) बहुत अनुभव प्राप्त किया है, वे आगे और मजबूत होते जाएंगे। हमने दिखाया है कि हमारे समूह में बहुत प्रतिभा है। बहुत से युवा खिलाड़ी उत्सुक हैं। वे निराश हैं कि हम जीत नहीं सके, लेकिन वे इस अनुभव से सीख लेंगे। यह एक शानदार श्रृंखला थी, ऑस्ट्रेलिया को बधाई, वे वास्तव में अच्छी तरह से लड़े। मुकाबले में टॉस जीतकर भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 185 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 181 रन पर समाप्त हुई थी। इससे भारतीय टीम को दूसरी पारी में चार रन की बढ़त मिली।

टीम और देश को हमेशा प्राथमिकता देनी चाहिए : कोच गौतम गंभीर

सिडनी। एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के हाथों बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी गंवाने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भारतीय टीम के प्रमुख बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा के बारे में खुलकर बात की। इस सीरीज में दोनों वरिष्ठ खिलाड़ी बल्ले से संघर्ष करते दिखे। उन्होंने उम्मीद जताई कि वे भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाएंगे। वे जो भी योजना बनाएंगे, वह भारतीय क्रिकेट के सर्वोत्तम हित में होगी। सिडनी टेस्ट में भारतीय टीम को हराकर ऑस्ट्रेलिया ने 2024-25 पर कब्जा जमाया। पांच मैचों की सीरीज को ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से अपने नाम किया।

इस सीरीज में भारतीय टीम के प्रमुख बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके। मैच के बाद दोनों अनुभवी खिलाड़ियों पर खुलकर बात रखी और उनकी भविष्य योजनाओं पर पत्रकारों के सवाल के जवाब दिए। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने दो सबसे वरिष्ठ खिलाड़ियों के बारे में बात करते हुए कोच गंभीर ने कहा कि दोनों की भविष्य की योजनाएं पूरी तरह से उनकी अपनी पसंद हैं। गंभीर ने एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मैं किसी भी खिलाड़ी के

भविष्य के बारे में बात नहीं कर सकता, यह उन पर भी निर्भर करता है लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि उनमें अभी भी भूख है, उनमें अभी भी जुनून है, वे मजबूत लोग हैं।

गंभीर ने कहा कि सबसे पहले, हर व्यक्ति को पता होता है कि उसका खेल और उसकी भूख कितनी है। यह किसी भी खेल और किसी भी पेशे के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है। यह सिर्फ खेल के लिए नहीं है कि आप कितने भूखे हैं, आप कितने जुनूनी हैं।

यह इस बारे में है कि टीम आपके योगदान से आगे बढ़ रही है या नहीं। आखिरकार यह न तो मेरी टीम है, न ही आपकी टीम, यह देश की टीम है। गंभीर ने रोहित के सिडनी टेस्ट से हटने के फैसले का समर्थन किया और इस बात पर जोर दिया कि देश पहले आता है। उन्होंने कहा कि मुख्य बात यह है कि भले ही व्यक्ति आते-जाते रहें, लेकिन टीम और देश को हमेशा प्राथमिकता देनी चाहिए। मेरा मानना है कि सभी को, जिसमें मैं और अन्य खिलाड़ी भी शामिल हैं, टीम को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखना चाहिए। रोहित शर्मा ने इसका उदाहरण दिया है।

बुमराह नौ पारियों में 32 विकेट लेकर दौरे पर सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं, लेकिन भारत को सिडनी टेस्ट की दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह की अनुपलब्धता से बड़ा झटका लगा। हालांकि गंभीर ने जोर देकर कहा कि बुमराह का गेंदबाजी नहीं करना बड़ा झटका था, लेकिन यह भारत की हार का एकमात्र कारण नहीं था। भारतीय कोच ने कहा कि मैं यह नहीं कहना चाहता कि जसप्रीत बुमराह के न होने से हम परिणाम नहीं पा सके।

विदेशी टीमों को प्रशिक्षित कर रहे भारतीय कोच



नयी दिल्ली। खो-खो विश्वकप में भाग लेने वाली सभी विदेशी टीमों को भारतीय कोच प्रशिक्षित कर रहे है। खो-खो फेडरेशन के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने रविवार को बताया कि आयोजन समिति ने खो खो विश्वकप में हिस्सा लेने वाले एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका से संबंधित देशों की खो खो टीमों को फिटनेस, खेल नियमों और नवीनतम खेल तकनीकों के लिए प्रशिक्षित भारतीय कोचो को नियुक्त किया गया हैं। उन्होंने कहा यह कोच अमेरिका , ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, अर्जेंटीना , दक्षिण कोरिया, पोलैंड, हॉलैंड ,पेरू, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, मलेशिया ,भूटान और नेपाल देशों में तैनात किये गए हैं । उन्होंने कहा कि इन कोचों के लिए एयर टिकट, रहने-खाने आदि की सभी व्यवस्था खो खो वर्ल्ड कप आयोजन समिति द्वारा की गई है हालांकि कुछ देशों की खो खो फेडरेशनों द्वारा इन कोचों को स्थानीय सुविधाएं या ठहरने की सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय खो खो फेडरेशन ने खिलाडियों और सपोर्ट स्टाफ के प्रशिक्षित और कैपेसिटी बिल्डिंग करने के लिए पर्याप्त बजट प्रावधान किया है। उन्होंने कहा क्वालिफाइड कोचों को नवीनतम अंतरराष्ट्रीय खेल नियमों ,स्पोर्ट्स रेगुलेशन, तकनीकी आदि के बारे में नियमित रूप से गहन वर्कशॉप/प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है।

मांडविया ने पोरबंदर में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' की अगुवाई की

नयी दिल्ली। एजेंसी

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुजरात के पोरबंदर में अपने निर्वाचन क्षेत्र उपलेटा में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' की पहल की अगुवाई की। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के तीसरे सप्ताह आयोजित कार्यक्रम में रविवार को 150 से अधिक सवारों ने डॉ. मांडविया का अनुसरण करते हुए म्यूनिसिपल आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज से उपलेटा में तालुका स्कूल क्रिकेट ग्राउंड तक पांच किलोमीटर की साइकिलिंग दूरी तय की।

इस दौरान डा. मांडविया ने कहा साइकिल चलाना प्रदूषण का समाधान है। यह एक स्वास्थ्य मंत्र है। सभी को साइकिल चलाना चाहिए क्योंकि यह फिट रहने के लिए फायदेमंद है। आप एक समूह बना सकते हैं और साथ में साइकिल चला सकते हैं। मैं सभी को

फिट इंडिया वेबसाइट और ऐप पर पंजीकरण करने और हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण का पालन करते हुए संडे ऑन साइकिल अभियान का हिस्सा बनने का सुझाव दूंगा। कृपया खुद को उपलेटा साइकिलिंग क्लब के रूप में पंजीकृत करें। जब मैं उपलेटा में रहूंगा तो मैं भी आपके साथ साइकिल चलाऊंगा।

व्यापार

साप्ताहिक शेयर समीक्षा- दूसरे सप्ताह में निवेशकों को 7.36 लाख करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली। एजेंसी

पिछले सप्ताह के दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों की खरीदारी, जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े में आई तेजी और ऑटो सेल्स के पॉजिटिव आंकड़ों के कारण घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे सप्ताह बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को हुई तेज बिकवाली के कारण बाजार की साप्ताहिक बढ़त कम हो गई।

पूरे सप्ताह के कारोबार के दौरान सेंसेक्स 524.04 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी के साथ 79,223.11 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी ने 191.35 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त के साथ 24,004.75 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह कारोबार बंद हुआ। इस सप्ताह के कारोबार में आई

तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई।

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद बढ़ कर 449.67 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि इसके पहले के कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 442.31 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को पिछले सप्ताह के कारोबार से करीब 7.36 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद बीएसई का लार्जकैप इंडेक्स एक प्रतिशत की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। इस इंडेक्स में शामिल चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी, मारुति सुजुकी इंडिया, एवेन्यू सुपरमार्ट्स, आयशर मोटर्स और ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के शेयरों में जोरदार तेजी का रुख बना रहा।

तेजी के बाद सर्राफा बाजार में गिरावट सोना और चांदी की घटी चमक

नई दिल्ली। एजेंसी

तीन दिन की तेजी के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोने की कीमत में 450 रुपये से लेकर 490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। सोने के भाव में आई गिरावट की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 78,860 रुपये से लेकर 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,300 रुपये से लेकर 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 78,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा

है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

अगले सप्ताह 7 नए आईपीओ की लॉन्चिंग 6 कंपनियों के शेयर की होगी लिस्टिंग

नई दिल्ली। एजेंसी

सोमवार से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान नए आईपीओ की लॉन्चिंग और शेयरों की लिस्टिंग से प्राइमरी मार्केट में हलचल बनी रहने वाली है। 6 जनवरी से शुरू हो रहे इस सप्ताह में 7 नए आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। इसके साथ ही पिछले सप्ताह लॉन्च हुए तीन आईपीओ में भी इस सप्ताह बोली लगाई जा सकेगी। इसी तरह सोमवार से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान 6 कंपनियां लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में अपने कारोबार की शुरूआत करने जा रही हैं।

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 6 जनवरी को स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड का 410.05 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इस आईपीओ की क्लोजिंग 8

जनवरी को होगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 133 से 140 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 107 शेयर का है। कंपनी के शेयर 13 जनवरी को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। 6 जनवरी को ही इंडोबेल इंसुलेशन का 10.14 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है।

इस आईपीओ में भी 8 जनवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए प्रति शेयर 46 रुपये का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 3,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 13 जनवरी को होगी।

सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार 7 जनवरी को इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश ट्रस्ट कैपिटल इंफ्रा ट्रस्ट इनविट अपना 1,578 करोड़ रुपये का पब्लिक इश्यू ओपन करने वाला है। ये इश्यू 9 जनवरी को क्लोज होगा। कैपिटल इंफ्रा ट्रस्ट इनविट के यूनिट्स के लिए 99 से 100 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की ओर से चादर पेश

कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष आबिद कागजी ने पेश की पायलेट की ओर से चादर

चमकता राजस्थान

अजमेर । ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813 वें सालाना उर्स के मौके पर आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की ओर से मजार शरीफ पर मखमली चादर एवं अकीदत के फूल पेश किये ।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पायलट की चादर लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सदर आबिद कागजी लेकर पहुंचे अल्पसंख्यक विभाग के राजस्थान के चेयरमैन आबिद कागजी ने सर्किट हाउस एवं दरगाह में पर पायलट का संदेश पढ़कर सुनाया ।

सचिन पायलट साहब की चादर दरगाह में पेश अजमेर शरीफ के खादिम रियासत चिश्ती उर्फ नन्नू भाई ने करवाई

राष्ट्रीय महासचिव पायलट ने संदेश में कहा कि अजमेर दरगाह शरीफ में ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती (रह.) के 813वें उर्स मुबारक के मौके पर पूरी दुनिया से जियारत के लिए आने वाले जायरीनों को मैं तहे दिल से मुबारकबाद पेश करता हूं। यह दरगाह हमारे वतन की गंगा-जमुनी संस्कृति का प्रतीक है। हजरत ख्वाजा साहब का मुबारक पैगाम प्रेम, सेवा और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का रहा है। यह रिवायत हमारे मुल्क का कीमती सरमाया है, जिसकी हिफाजत करना हम सबका फरीज़ा है। आइये हम सब मिलकर ख्वाजा साहब की बारगाह में हाथ उठाकर दुआ करें कि मुल्क के अन्दर अमन, शांति और खुशहाली हमेशा बरक़रार रहे और अमन के दुश्मनों की तमाम साजिशें नाकाम हों। मुझे पूरा यकीन है कि दुआ के लिए उठे हुए हाथ खुदा के जात से कुबूलियत ज़रूर हासिल करेंगे।

इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ अजमेर उत्तर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता पारस पंच नाथूराम सिनोदिया शिव प्रकाश गुर्जर हेमंत भाटी कमल बाकोलिया इंसाफ अली अवधेश पारीक हरि सिंह गुर्जर प्रताप यादव अमोलक सिंह छाबड़ा गिरधर तेजवानी शिव कुमार बंसल आरिफ हुसैन नरेश सत्यवाना सुकेश काकरिया अशोक बिंदल शयाम प्रजापति विपिन बेसिल कुश महेंद्र सिंह रलावता राज नारायण अशोक हमीद चीता गजेंद्र सिंह रलावता हितेश्वरी टांक मनीष चौरसिया रश्मि हिंगोरानी सुनील धानका मनीष सेठी अंकित घारु राकेश शर्मा अंकुर त्यागी कैलाश कोमल श्रवण गुर्जर इकबाल छीपा शक्ति सिंह रलावता राजेंद्र वर्मा अहमद हुसैन अकरम कुरैशी शाहबाज खान हेमंन्द्र सिंह मऊ सौरभ यादव मीना यादव मुख्तार नवाब इफ्तिखार सिद्दीकी कलीम कुरेशी भोला कटारिया नीरज यादव निर्मल बेरवाल राजीव सिंह कच्छावा पप्पू काठात अली अकबर अरशद इंसाफ अमजद काठात इकबाल मंसूरी सोहन मेंवाडा इतिखाब आलम अकबर अब्दुल फरहान यूनुस खान सलीम खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

संक्षिप्त समाचार

सरोद पर गूंजे यमन कल्याण के स्वर

- दो दिवसीय सुराणा स्मृति समारोह का समापन



चमकता राजस्थान। जयपुर 5 जनवरी । श्रुति मंडल एवं कला साहित्य एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय स्मृति समारोह के अंतिम दिन देश के सुप्रसिद्ध सरोद वादक कोलकाता के पं. तेजेंद्र नारायण मजूमदार ने अपनी प्रस्तुति से सर्द मौसम में स्वरों की गर्मी से लोगों को आनंदित किया।

सुराणा स्मृति समारोह के दूसरे दिन पद्मश्री प्रकाश चंद्र स्मृति दिवस पर कलाकार पंडित तेजेंद्र नारायण ने अपने कार्यक्रम को उस्ताद जाकिर हुसैन को श्रद्धांजलि देते हुए समर्पित किया । उन्होंने अपने-अपने कार्यक्रम की शुरुआत राग यमन कल्याण से की । उन्होंने आलाप, जोड़ झाला और दूत लय में बजाकर सभी श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया । अंत में उन्होंने राग शयाम कल्याण बजाकर कार्यक्रम का समापन किया ।

इनके साथ तबले पर देश के सुप्रसिद्ध तबला वादक पंडित विक्रम घोष ने अपनी उंगलियों का ऐसा जादू चलाया की दर्शक वाह वाह कर उठे । इस अवसर पर श्रुतिमंडल द्वारा दी जाने वाली 51 हजार रूपए की छात्रवृत्ति कोलकाता के रुद्राशीष घोष को प्रदान की गई ।

प्रारंभ में पद्मश्री प्रकाश चन्द्र सुराणा को पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसके बाद अरतिका सुराणा और अलीना सुराणा ने तिलक लगाकर कलाकारों का अभिनंदन किया ।

राज्य सरकार यूनिवर्सल हैल्थ केयर उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्धः दिया कुमारी

चमकता राजस्थान। जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी आज सी. के. बिरला हॉस्पिटल और उ.अ.ल्.ड. के संयुक्त तत्वाधान आयोजित क्वालिटी कॉन्क्लेव 2.0 में सम्मिलित हुई और चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता और सुधार की दिशा किए जा रहे नवाचारों की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के कुशल नेतृत्व में राजस्थान में डबल इंजन की भाजपा सरकार चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है और प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। कार्यक्रम में सी.के. बिरला अस्पताल के सीईओ विपुल जैन, वाइस प्रेसिडेंट अनुभव सुखवानी, चिकित्सा सेवाओं के उपाध्यक्ष डॉ. समीर सिंह,अधीक्षक डॉ. सुहासनी जैन, ऑपरेशन हेड डॉ. निहार भाटिया,क्वालिटी हेड डॉ. कृति ताम्बी जी, डॉ दीपा मेहरा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे महानुभाव उपस्थित रहे।

108 महेश्वरानंद गिरी जी महाराज के अवतरण दिवस

- स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में हुआ 75 रक्तदान

चमकता राजस्थान/अनिल पुष्करणा/फलोदी। गुरुदेव महत श्री 108 महेश्वरानंद गिरी जी महाराज के अवतरण दिवस पर स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन निलकंठ महादेव, भैरुगिरी (सराय) फलोदी में किया गया। शिविर में रक्तदाताओं ने 75 यूनिट रक्तदान किया ।इस उपलक्षय गुरु के समस्त शिष्यगण एवं भगतजनों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। फलोदी जिला के चिकित्सा प्रभारी कवरलाल ने बताया कि इस रक्तदान शिविर 75 यूनीट का रक्तदान हुआ. इस अवसर पर गुरु देव ने खुद भी रक्तदान किया और सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

जिला फलौदी कांग्रेस सेवादल में ब्लॉक और विधानसभा अध्यक्षों को किया मनोनीत

चमकता राजस्थान अनिल पुष्करणा। फलोदी 5 जनवरी। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल जी देसाई की मंशा के अनुरूप एवं जोन प्रभारी मोहन हटेला एवं संभाग प्रभारी रामसिंह राव की स्वीकृति के अनुरूप जिला फलौदी कांग्रेस सेवादल को मजबूत करने के लिए जिला प्रभारी श्रीमती वन्दना बोहरा एवं श्री कपिल मेघवाल के निर्देशन में एवं जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राजपुरोहित की अनुशंसा पर जिला कार्यकारिणी सूची प्रेषित कर नियुक्तियां दी जाती है।

इसमें घमू राम विश्नोई को लोहावट और रावलचंद माली को फलोदी विधानसभा अध्यक्ष बनाया ।इसी तरह जोधाराम चौधरी को लोहावट, सुमेरा राम पंवार बापिणी , इब्राहिम खिलजी को फलोदी ,पुखराज पालीवाल को बाप का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है

कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई की अपेक्षाओं के अनुरूप सेवादल संगठन को मजबूती प्रदान कर अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

दूसरा दशक का दो दिवसीय किशोरी पीयर एज्युकेटर प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

चमकता राजस्थान

अनिल पुष्करणा/फलोदी 5 जनवरी। किशोरी पीयर एज्युकेटर प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ जिसमें किशोरी को शरीर को स्वस्थ और मजबूत रखने के लिए संतुलित भोजन जरूरी करने की सलाह दी गई । दूसरा दशक द्वारा आयोजित दो दिवसीय किशोरी पीयर एज्युकेटर प्रशिक्षण शिविर में बाप, फलोदी, बड़ी सिड, कल्याणसिंह की सिड, चारणाई, बड़ी ढाणी, कानासर, शेखासर व ननेऊ आदि गांवों की 37 किशोरियों ने भाग लिया।

दूसरा दशक प्रशिक्षका कंचन थानवी ने बताया कि इस प्रशिक्षण में यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य , किशोरावस्था में बदलाव, माहवारी, पोषण आदि मुद्दों पर विस्तार से समझ बनाई गई।इस दौरान बाप की निकिता, शेखासर की ज्योति, बड़ी सिड की दुर्गा कानासर की खुशबू व करिश्मा आदि ने अपने अनुभव शेयर किये।

दूसरा दशक की समन्वयक प्रीति राठौड़ ने बताया कि बचपन से ही हमे खान-पान का विशेष ध्यान रखना होगा। हमारे शरीर को स्वस्थ एवं मजबूत बनाने के लिए संतुलित भोजन लेना होगा। फलोदी की तारा व जया जैन चारणाई की मदीना बड़ी ढाणी की रेहाना कल्याणसिंह की सिड की उर्मिला ननेऊ की रीना आदि ने अपने अनुभव शेयर किये।

दूसरा दशक की मैना व ममता ने प्रशिक्षण स्थल पर लगी यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य से सम्बंधित प्रदर्शनी के माध्यम से समझ बनाई गई । फलोदी की भावना ने सहायक शिक्षण सामग्री के माध्यम से बताया कि हमे माहवारी के दौरान साफ सफाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

फलोदी की जया ने खेल के माध्यम से हमारे शरीर को मिलने वाले पोषक तत्व के बारे में किशोरियाँ की समझ बनाई। प्रशिक्षण में अमरु चौधरी, इकबाल मेहर , कमल शर्मा व बशीरों ने सहयोग किया ।

भंवर लाल व्यास (टीलू भा) विहिप के प्रखण्ड अध्यक्ष मनोनीत

चमकता राजस्थान । अनिल पुष्करणा/फलोदी 5 जनवरी। विश्व हिन्दू परिषद् फलोदी की जिला बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष जय प्रकाश गुचिया की अध्यक्षता में विहिप कार्यालय में की गई। जिला उपाध्यक्ष बृज मोहन गुचिया ने बताया कि बैठक में जिला पालक अधिकारी पुख राज सांखला का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सांखला ने आगामी 11 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सभी खण्ड, प्रखण्ड एवं जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने हेतु रूपरेखा की जानकारी प्रदान की। इसी क्रम स्थानीय जोशियों की बगेची में 11 जनवरी शनिवार पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी को सर्व सनातन हिन्दू समाज द्वारा विहिप के तत्वाधान में प्रतिष्ठा दिसव के रूप में मनाते हुए भव्य संगीतमय सुन्दर काण्ड, हनुमान चालीसा, महा आरती का आयोजन किया जाएगा इस कार्यक्रम का संयोजक जगदीश बोहरा को नियुक्त किया गया।

विश्व हिन्दू परिषद् शहर प्रखण्ड के अध्यक्ष पद पर भंवर लाल व्यास (टीलू भा) को सर्वसम्मति से मनोनीत कर कार्यकारिणी विस्तार हेतु अधिकृत किया गया। बैठक में श्री गोपाल कृष्ण सोनी, अमरा राम सुथार, कैलाश चंद्र व्यास, गौतम माली आदि उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सागरपाड़ा पर चलाया वाहन रिफ्लेक्टर अभियान

चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण। धौलपुर, 5 जनवरी 25 को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा रविवार को सागरपाड़ा पर वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान चलाया गया जिसमें परिवहन निरीक्षक सूरजभान द्वारा

वाहन चालकों के साथ समझाइश अभियान भी चलाया गया। उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि अत्यधिक कोहरे में वाहनों को ना चलाएं और बिना रिफ्लेक्टर के वाहनों को रात्रि में ना चलाएं। अनिद्रा की स्थिति में भी वाहनों को नहीं चलाना चाहिए और लंबी रूट के वाहन चालकों को पूरी नींद लेनी चाहिए। समय- समय पर अपनी आंखों का भी परीक्षण कराते रहना चाहिए। इस अवसर पर जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा पांच दर्जन से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाकर वाहन चालकों के साथ समझाइश की गई।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसे में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय की हुई मौत

चमकता राजस्थान/ रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर/ नसीराबाद। श्रीनगर जानकारी के अनूसार राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर रविवार सुबह श्रीनगर निवासी सुरेश यादव मोटरसाइकिल जाते समय टेलर के टक्कर मारने से मौके परी हुई यादव की मृत्यु श्रीनगर थाना पुलिस प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंचकर मृतक शरीर को श्रीनगर सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर मृतक के परिवार के परिजनों को शव सोपा पुलिस प्रशासन ने परिजन के बयान अनुसार लापरवाही एवं तेज गति से वहां चलने का आरोप लगाया पुलिस प्रशासन ने मामला दर्ज कर कार्रवाई की प्रारंभ

खुश होकर दूसरों खुशी बांटने से मिलती हैं खुशियां : बीके पूनम दीदी

राजयोग भवन मे नववर्ष उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

- राजयोग के नियमित अभ्यास से गहन शांति की अनुभूति : बीके ऋतु दीदी

संतुष्टमणि बन स्वयं भी संतुष्ट रहो और दूसरों को संतुष्ट करो : बीके अपर्णा दीदी

चमकता राजस्थान

जयपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक के राजयोग भवन में नव वर्ष उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया । वही वर्ष भर में आयोजित होने वाली ज्ञान योग आधारित परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें टोंक से बीके चंदा, बीके जयवन्ति, बीके आशा, बीके शंकुतला एवं निवाई से बीके सरिता, बीके पूजा, बीके सुरेंद्र भाई ने प्रथम श्रेणी से पास किया वही अलग अलग केटेगरी में लगभग अस्सी भाई बहनो ने पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में केक काटकर नव वर्ष मनाया। इस मौके पर बीके रुक्मणि माताजी ने ब्रह्माकुमारी दीदियों का पुष्प माला व शॉल ओढ़कर सम्मान किया।

इस मौके पर स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष में स्वयं को आध्यात्मिक ज्ञान योग से भरपूर कर संबंध संपर्क में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को स्नेह व सुख देना है। संतुष्टमणि बन स्वयं भी सन्तुष्ट रहना हे और दूसरे को भी संतुष्ट करना है। इस मौके पर पुरानी टोंक सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ऋतु दीदी ने राजयोग का अभ्यास कराया तो हॉल में बैठे हरेक व्यक्ति अपने को देह से स्वतंत्र तथा आंतरिक शांति से भरपूर महसूस करने लगा। वही टोडारायसिंह सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने कहा कि आज मनुष्य उमंग उत्साह के लिए व्यसनों की ओर जा रहा है, हर किसी से खुशियां मांग रहा है परंतु खुशियां मांगने से नहीं खुश होकर दूसरों को बांटने से मिलती हैं। कार्यक्रम में निवाई सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी, ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी, चौथ का बरवाड़ा सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी बीना दीदी, बनेठा सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अनीता दीदी, रानोली सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शोभा दीदी सहित सैकड़ों सेवा केंद्र से जुड़े भाई बहिन व शहर के विशिष्ट नागरिक मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929